आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926

जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 290 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जयपुर, बुधवार, 22 जुलाई, 2026

www.Lokvarta.net

# छात्र आंदोलन की आग भड़की ...

## कांग्रेस सांसदों के साथ राहुल ने पीएम आवास घेरा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के बाहर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और सांसदों ने अचानक प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं और सांसदों को हिरासत में ले लिया। मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और पुलिस ने पूरे इलाके में बैरिकेडिंग कर रखी थी। जब नेताओं ने पीएम आवास की ओर बढ़ने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में लेकर अलग-अलग तीन बसों में बैठाया और वहां से अज्ञात/संबंधित पुलिस स्टेशनों के लिए रवाना कर दिया। देश भर में शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक और नीट परीक्षा विवादों को लेकर विपक्ष हमलावर है। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और जिम्मेदारी लेने से भाग रही है। इसी के विरोध में कांग्रेस नेतृत्व ने सीधे प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने की योजना बनाई थी। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार और पुलिस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए लाठीचार्ज और पुलिस बल का सहारा ले रही है।



### जंतर मंतर पर फिर से हजारो युवा पहुंचे

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी हजारो की तादात में युवा जंतर मंतर पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारे बजी करी वही युवाओ का साफ़ कहना है की प्रधानमंत्री क्यों नहीं प्रधान का इस्तीफा ले रहे है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर सरकार ने समय बर्बाद किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मोबाइल जब्त कर लिए। दोनों एक तरह से जेपी नड्डा के घर नजरबंद थे। इसलिए अब वे सरकार से बात करने नहीं जाएंगे। सरकार को ही जंतर-मंतर पर आना होगा। उधर, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद सोनम वांगचुक को सफदरगंज से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया है। सीजेपी ने संसद मार्च के दौरान बर्गर खाने वाले विजेता दाहिया को प्रवक्ता पद से हटा दिया है। दाहिया ने एक वीडियो जारी करके सफाई दी है कि आप मुझे ऐसे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं जैसे कि प्रदर्शनकारी होना मेरा काम हो। आपने मुझे



इस पद के लिए नहीं चुना है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा, 'हम संसद मार्च मंगलवार को इसलिए नहीं निकाल रहे हैं, क्योंकि इस सरकार और पुलिस ने छात्रों का खून बहाया है। इन्हें छात्रों की कोई परवाह नहीं है, लेकिन हमें है।'

### जयपुर में गहलोत समेत कई दिग्गज नेता हुए गिरफ्तार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वही नई दिल्ली के आलावा देश भर में भी जगह जगह कांग्रेस ने प्रदर्शन किये। राजधानी जयपुर में भी प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा अम्बेडकर सर्किल पर मशाल जुलूस निकालने की तयारी थी जिसको प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में निकालने की तयारी थी , जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी शामिल हुए मगर एन वक़्त पर पुलिस प्रशासन वह पहुंच गया और पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के बीच धक्का मुक्की हुई जिसके बाद गहलोत ,डोटासरा समेत सभी कांग्रेस नेताओ को पुलिस ने डिटैन किया और दूर दिराज लगाए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा की ये लोग देश को बहुत बड़े गड्डे में दाल रहे है , उन्होंने कहा की हमारे नेता राहुल गाँधी पहले से ही कह रहे है की ये लोग देश को कई साल पीछे कर देंगे और आप देखिये क्या हालत हो गए है , हमारे युवाओ के साथ ये क्या कर रहे है , सोमवार को हुई घटना ने देश में ही नहीं पुरे विश्व में भारत की स्थिति बतादि है , की भारत की युवा जनता के साथ वहा की सरकार कैसा व्यवहार करती है। वही डोटासरा ने कहा की बा भारत का युवा जाग चूका है , ये जो बीजेपी वालो ने किया है इसको कोई बर्दाश नहीं करेगा।



### सफदरजंग अस्पताल से मेदांता अस्पताल शिफ्ट किए गए सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय से निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति मिलने के बाद एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें भारी सुरक्षा के बीच मेदांता ले जाया जा रहा है। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि नागरिक के मौलिक अधिकारों और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी पसंद के अस्पताल (मेदांता) में इलाज कराने की अनुमति दी जा रही है। केंद्र सरकार (सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता) ने भी इस स्थानांतरण पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। हाई कोर्ट ने मेदांता अस्पताल के निदेशक को निर्देश दिया है कि सोनम वांगचुक के इलाज और स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी के लिए विशेषज्ञों की एक विशेष टीम गठित की जाए।

### सीजेपी विरोध प्रदर्शन में घायल लोगों से मिलने अस्पताल पहुंच गए जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल का दौरा किया। वे सोमवार को सीजेपी के विरोध मार्च के बाद पुलिस की कार्रवाई में घायल हुए लोगों से मिलने गए थे। नड्डा अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल होने के बाद इलाज के लिए भर्ती लोगों से बातचीत की। अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने डॉक्टरों के साथ बैठक भी की ताकि घायलों की हालत और उन्हें दी जा रही मेडिकल देखभाल का जायजा ले सकें।

### किसानों का दिल्ली कूच स्थगित, दो मांगों पर सहमति बनी

**अंबाला/कुरुक्षेत्र/सोनीपत।** अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार का प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान लौट गए, जिससे दोनों बॉर्डरों पर ट्रैफिक भी सामान्य हो गया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी समेत हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन ने बताया कि रिहाई और केंद्र सरकार से वार्ता कराने पर सहमति बनने के बाद आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया गया।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

छात्र आंदोलन फैल गया अब, संकट में है सरकार<br>
रफ्तार इसकी और बढ़ेगी, इसको इस्तीफे की दरकार<br>
सब फार्मूले फेल हुए, ई डी सीबीआई का नहीं काम<br>
चढ़ावा चोरी का टीका पहले ही, नाराज तभी से राम

..मुखिया जी

## मध्य प्रदेश विधानसभा में यूसीसी बिल पास



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा ने विपक्षी कांग्रेस पार्टी के विरोध के बीच 'यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड' बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया। विपक्षी विधायक चाहते थे कि बिल को चर्चा के लिए एक सेलेक्ट कमिटी के पास भेजा जाए; हालाँकि, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा ध्वनि मत से बिल पारित करने का प्रस्ताव रखे जाने के बाद इसे मंज़ूरी दे दी गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसे सुनहरा दिन बताया और कांग्रेस पार्टी की गलत सोच की आलोचना की। यादव ने मीडिया से कहा यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल का पास होना मध्य प्रदेश के 8.5 करोड़ लोगों के लिए सचमुच एक सुनहरा दिन है। मध्य प्रदेश विधानसभा में इस कानून का लागू होना 'एक देश, एक संविधान, एक झंडा, एक नेता' के उस विज़न के प्रति हमारी सच्ची प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिसे डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आगे बढ़ाया था।

## सिक्किम की निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 10 मजदूरों की मौत, 17 अब भी फंसे

**गंगटोक।** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 10 की मौत हो गई। मृतकों में 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि 17 मजदूर अब भी फंसे हैं। नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। एसपी सोनम डोल्मा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ। जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली।

## एमपी-राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय

### हिमाचल में अब तक 66 लोगों की मौत, गुवाहाटी में लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ।

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से मंगलवार को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य में अब तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है। 145 सड़कें बंद हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने कांगड़ा, चंबा और सिरमौर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद नेशनल हाईवे-715 का एक हिस्सा पानी में डूब गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।



एमपी के लगभग 90% हिस्से में अगले 4 दिन यानी 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। राजस्थान में दो हफ्ते बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होने से जयपुर समेत 33 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की सुरक्षा और सम्मान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-भजनलाल शर्मा

### एससी-एसटी के विरूद्ध अपराध करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

- 2 वर्षों में एससी-एसटी पर अत्याचार के मामलों में आई 28 प्रतिशत की कमी
- 60 दिन के भीतर हो रहा 68 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार द्वारा गत ढाई वर्षों में उठाए गए कदमों के कारण अनुसूचित जाति और जनजातियों के विरुद्ध अत्याचार के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2025 में ऐसे प्रकरणों में लगभग 28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कहा कि एससी-एसटी वर्ग के विरुद्ध अपराध करने वालों पर कठोरता से कार्रवाई की जाए और समाज में समरसता का वातावरण बनाने में सहयोग करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए।

#### पीड़ितों को समय पर मुहैया करवाई जाए आर्थिक सहायता

उन्होंने निर्देश दिए कि दर्ज प्रकरणों की सतत निगरानी की जाए तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही, संवेदनशील मामलों की जांच पूरी गंभीरता और त्वरित गति से हो। एफआईआर दर्ज होने से लेकर न्यायालय में अंतिम निस्तारण तक पीड़ितों को अधिनियम के तहत देय आर्थिक सहायता भी समय पर उपलब्ध करवाई जाए।

**प्रकरण निस्तारण का औसत समय 128 दिन से घटकर हुआ 53 दिन** वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार के दर्ज प्रकरणों में 15.88 प्रतिशत तथा वर्ष 2025 के पहले 6 माह की तुलना में वर्ष 2026 में 15.49 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में से 35.16 प्रतिशत का निस्तारण 60 दिन में किया जा रहा था, जो 2025 में बढ़कर लगभग 47 प्रतिशत और जुलाई, 2026 तक 67.88 प्रतिशत हो गया है। वहीं, प्रकरणों के निस्तारण का औसत समय 128 दिन से घटकर 53 दिन रह गया है। एफआर लगे प्रकरणों में अब 10 प्रतिशत के स्थान पर 20 प्रतिशत का रैंडम सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो एससी-एसटी वर्ग पर अत्याचार के मामलों में कमी आई है, वहीं दूसरी ओर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के 60 दिवस की निर्धारित अवधि में निस्तारण में भी पहले की तुलना में काफी तेजी आई है। लगभग 68 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण 60 दिन के भीतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 पुलिस जिलों में एससी-एसटी सेल स्थापित किए जा चुके हैं एवं शेष 6 पुलिस जिलों में भी एससी-एसटी सेल शीघ्र स्थापित होंगे।

CMYK

## नियमित टीकाकरण में जनभागीदारी बढ़ाने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

# प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता: डॉ मनोज मीणा

**जमवारामगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** नियमित टीकाकरण में जनभागीदारी बढ़ाने एवं भ्रांतियों को दूर करने को लेकर मंगलवार दिनांक 21 जुलाई को अंबेडकर सामुदायिक भवन आंधी में पंचायती राज अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई।

यूनिसेफ के ब्लाक कार्डिनेटर रविदत्त आर्य ने बताया की बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने और नियमित टीकाकरण की शत–प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को डॉ बी आर अम्बेडकर सामुदायिक भवन आंधी में जीरो डोज कार्यक्रम के तहत क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ एवं मंजरी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, राजीविका एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, युवा समूहों तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल



बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और समुदाय आधारित संगठनों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यशाला में अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी महावीर प्रसाद स्वर्णकार ने स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए संकल्प लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नियमित टीकाकरण, जीरो डोज बच्चों की पहचान, टीकाकरण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों तथा समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अपने–अपने क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने और हर पात्र बच्चे तक टीकाकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ कार्यालय से अधिकारी, मंजरी संस्थान के जिला समन्वयक मयूर जैन, ब्लॉक समन्वयक रवि दत्त, नंदकिशोर, सीमा शर्मा, सायपुर सरपंच जगदीश प्रसाद महावर, माथासूला सरपंच मीना लाल मीणा, रामकिशन, ग्राम विकास अधिकारी व डबल्यू एच ओ से विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आमजन से की प्रवासन सर्वेक्षण के दौरान सहयोग की अपील

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने आमजन से जिले में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 81 वें दौर के अंतर्गत प्रवासन सर्वेक्षण के दौरान सहयोग की अपील की है। जिला कलक्टर ने बताया कि सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं के संबंध में जानकारी एकत्र करने के उ?द्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष सर्वे कार्य किया जाता है। वर्तमान में राज्य में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 81वें दौर के अन्तर्गत प्रवासन सर्वेक्षण विषय पर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में चयनित ग्राम एवं नगरीय खण्ड में जुलाई, 2026 से जून, 2027 तक सर्वेक्षण कार्य किया जाना है। यह सर्वेक्षण कार्य आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के अधीन जिला सांख्यिकी एवं ब्लॉक कार्यालयों में पदस्थापित कार्मिकों द्वारा सम्पादित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस सर्वे हेतु सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिक आपके पास सर्वे के लिए आते हैं और आपके गांव, शहर, परिवारों या व्यवसायों की जानकारी लेते हैं। आपके द्वारा दी गई हर जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और इसका उपयोग केवल योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। आपकी निजता का पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्होंने जिले के सभी सरपंचों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों, वेलफेयर सोसाइटीज और उद्यमी संगठनों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में लोगों को एनएसएस सर्वेक्षणों के महत्त्व के बारे में बताएं। इसी के साथ सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिक जब आपके पास सर्वे के लिए आए, तो उन्हें सही और पूरी जानकारी दें।

## ''नशे को ना कहें'' कार्यशाला में बताए नशे के दुष्प्रभाव

**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देश पर विद्यालयों में विधिक साक्षरता और संवेदीकरण हेतु ट्रांसफोरमेटिव ट्यूसडे कार्यक्रम को निरन्तर जारी रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर द्वारा मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मल्टीपर्पज स्कूल श्रीगंगानगर में नशे को ना कहें थीम पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्दर सिंह उपस्थित रहे। शिविर के दौरान एडीजे रवि प्रकाश सुथार ने स्कूल के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए, ''नशीली दवाओं का ना कहें, अपने सपने को हाँ कहें'' आधारित थीम पर बताया कि नशे का सेवन करने वाले इंसान का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। वह सामाजिक रूप से भी पिछड़ जाता है।



नशे का सेवन करने वाला इंसान अपराध में संलिप्त हो सकता है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ वे पदार्थ हैं, जो मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं।

कुछ पदार्थ व्यक्ति को उत्तेजित करते हैं, कुछ नींद लाते हैं और कुछ भ्रम पैदा करते हैं, जिससे व्यक्ति को ऐसी चीजें दिखाई देती हैं, जो वास्तविक नहीं होती। एडीजे सुथार ने एनडीपीएस अधिनियम 1985 नामक महत्वपूर्ण कानून के बारे में बताया कि भारत में कोई नशीले पदार्थ बेचते, खरीदते, रखते, सप्लाई करते या सेवन करते पाया जाने पर उसे इस कानून के तहत दंडित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को नशे का सेवन ना करने व नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

## बयाना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, छात्रों को समझाएं नशे के दुष्प्रभाव, कहा-नशा नाश की जड़

**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** बयाना क्षेत्र में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। ये शिविर ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों में हुए।

अभियान की मुख्य थीम 'ड्रग्स को ना, अपने सपनों को हां' तथा 'अपने भविष्य, मस्तिष्क और शरीर की सुरक्षा' थी। तालुका विधिक सेवा समिति बयाना के अध्यक्ष और एडीजे प्रदीप कुमार के निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से



होने वाले सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्रों से नशे से दूर रहकर अपनी शिक्षा, करियर और जीवन के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इन शिविरों में विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त जीवन अपनाने के साथ–साथ अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

## स्थानांतरण पर डॉ. पवन चौहान का किया सम्मान

**वैर ( हुकमनामा समाचार )।** आयुर्वेद औषधालय वैर में कार्यरत यूनानी चिकित्सक डॉ. पवन चौहान के जयपुर स्थानांतरण पर स्थानीय गणमान्य नागरिकों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. चौहान का साफा एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पवन चौहान ने वैर क्षेत्र में अपने कार्यकाल के दौरान मरीजों को समर्पित भाव से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। उनके सहज व्यवहार और सेवा भावना को क्षेत्रवासी हमेशा याद रखेंगे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर रामप्रकाश शास्त्री, सौरभ श्रोत्रिय, अमित छबीले, जगदीश सैनी, इंदुवाला मीना, मोहन सिंह सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## 7वीं राजस्थान पोल एण्ड ऐरियल स्पोटर्स चैम्पियनशिप 2 अगस्त को भरतपुर में

**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय पोल स्पोर्स एसोसिऐशन के द्वारा मुम्बई में आयोजित 7वीं राष्ट्रीय पोल स्पोर्टस एण्ड ऐरियल स्पोर्स चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान टीम के चयन हेतु 2 अगस्त को भरतपुर की खेलो इंडिया मगखंभ एकेडमी में राजस्थान राज्य स्तरीय पोल स्पोर्स एण्ड एण्ड ऐरियल चैम्पियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर तथा मास्टर वर्ग की छात्र/छात्रा की प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी जिसमें राजस्थान के सभी जिलों की टीमें एवं खिलाडी भाग ले सकेंगे। राजस्थान पोल स्पोर्स एसोसियेशन के सचिव डॉ. रमेश इन्दौलिया ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र/छात्रा खिलाडियों में से उत्कृष्ठ खिलाडियों का चयन कर राजस्थान टीम का गठन किया जावेगा। राजस्थान पोल स्पोर्टस एसोसिऐशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश धनागढ ने बताया कि चयनित राजस्थान के खिलाडी 16 से 17 अगस्त तक मुम्वई के गोरेगांव स्पोर्स काम्पलैक्स में आयोजित 7वीं राष्ट्रीय पोल एण्ड ऐरियल स्पोर्टस चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर भाकपा ने जताई चिंता

### एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सवाई माधोपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला काउंसिल ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी के जिला सह सचिव कामरेड रईस अहमद अंसारी एवं देवीलाल बेरवा ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में भाकपा नेताओं ने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली में लापरवाही के कारण जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनका कहना था कि कई सिटी बसों के चालक एवं परिचालक बिना निर्धारित वर्दी के कार्य कर रहे हैं, जबकि अनेक वाहनों की फिटनेस की भी समुचित जांच नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि शहर की सड़कों के दोनों ओर अव्यवस्थित ढंग से खड़े बाहरी वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संबंधित विभाग यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के बजाय अन्य गतिविधियों में अधिक व्यस्त हैं, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भाकपा नेताओं ने प्रशासन से यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित कराने, वाहनों की नियमित फिटनेस जांच कराने, अवैध एवं अव्यवस्थित पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एनएच-552 पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से हर समय हादसे का खतरा

# हादसे के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, भेरू दरवाजा हाईवे पर फिर सड़क किनारे खड़े वाहन

**सवाई माधोपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मुख्यालय के पुराने शहर स्थित भेरू दरवाजा क्षेत्र में मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे, जिसमें एक युवक की जान चली गई थी, के बाद भी प्रशासन और यातायात पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। हादसे के अगले ही दिन भेरू दरवाजा से शहर जामा मस्जिद तक एनएच–552 के दोनों ओर बड़े वाहनों की अवैध पार्किंग और अतिक्रमण का नजारा फिर देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में एक बार फिर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। एक ओर पुलिस हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं पहनने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई करती है, वहीं दूसरी ओर मुख्य बाजार और बजरिया क्षेत्र में बड़े और छोटे वाहन मनमाने तरीके से सड़क किनारे खड़े रहते हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आमजन में नाराजगी है।

लोगों ने नगर परिषद क्षेत्र में संचालित नगर बस सेवा पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई बस चालक स्वयं यातायात नियमों की पालना नहीं करते, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते तथा कई बसों में आवश्यक सुरक्षा संसाधनों का भी अभाव है। यदि इन बसों की सघन जांच



कराई जाए तो कई वाहनों के फिटनेस प्रमाण–पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी अधूरे मिल सकते हैं। इसके बावजूद ऐसे वाहन बिना किसी रोक–टोक के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि भेरू दरवाजा से जामा मस्जिद तक हाईवे किनारे खड़े वाहनों को तत्काल हटाया जाए तथा अवैध पार्किंग और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जाए।

## ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के फॉलो-अप शिविर जिले में 31 अगस्त तक

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण सेवा शिविर–2026 के अंतर्गत 31 अगस्त, 2026 तक जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में फॉलो–अप शिविर लगेंगे। इसमें मुख्य अभियान के दौरान शेष रहे शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा पूर्व में आयोजित शिविरों में प्राप्त सुझावों, लंबित प्रकरणों एवं जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि फॉलो–अप शिविरों में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों के दौरान प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। रास्तों एवं अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा ताकि ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल सके।

## एक नजर

### खैरथल में युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह

### साइबर अपराधों से बचने के तरीके भी बताए



**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** आज दिनांक 21.07.2026 को माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खैरथल–तिजारा के निर्देशानुसार ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज़डे कार्यक्रम के अंतर्गत इंजीनियर पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैरथल में 'नशे को कहें ना, अपने सपनों को कहें हाँ — नशा कोई शान नहीं है; अपने मन, शरीर और भविष्य की रक्षा करें।' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, खैरथल–तिजारा, सीमा कुमारी ने छात्र–छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा नशे के दुष्परिणामों, अपराधों एवं सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय में 'कोर्ट वाली दीदी' नाम से सुझाव/शिकायत पेटी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उसे उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राएँ एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। साथ ही, माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज़डे कार्यक्रम की थीम 'नशे को कहें ना, अपने सपनों को कहें हाँ — नशा कोई शान नहीं है; अपने मन, शरीर और भविष्य की रक्षा करें।' के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों से संस्था प्रधान को अवगत कराया गया तथा उनके पालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा 2027 के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**टोंक( हुक्मनामा समाचार )।** जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 2027 कक्षा 6 के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे है। इसके लिए आवेदन कर रहे छात्र कक्षा 5 में अध्यनरत तथा जन्म 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना आवश्यक है। आवेदन फार्म ऑनलाइन https://navodaya.gov.in पर प्रवेश पोर्टल के माध्यम से भरा जा सकता है।

## राजकार्य में बाधा डालने पर एफआईआर, विद्युत चोरी के खिलाफ विशेष अभियान तेज

**सवाई माधोपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर डिस्कॉम ने विद्युत चोरी रोकने और बकाया वसूली के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत कार्रवाई तेज कर दी है। 20 जुलाई को ग्राम जुवाड़ में बकाया वसूली और कनेक्शन विच्छेदन के दौरान निगम अधिकारियों से अभद्रता, मारपीट व राजकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ रवाजना डूंगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। घटना के बाद संयुक्त प्रवर्तन दल ने गांव में विशेष अभियान चलाकर विद्युत चोरी और अनधिकृत उपयोग के मामलों में वीसीआर कार्रवाई की तथा बकाया कनेक्शन काटे। निगम ने चेतावनी दी कि राजकार्य में बाधा और बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।



## प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का मूंदडा का भाजपाईयों ने किया स्वागत

**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का मूंदडा का भरतपुर आगमन पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में अनेंकों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात् भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का मूंदडा ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की रीति नीति एवं गतिविधियों पर चर्चा की। संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से सभी कार्यकर्ताओं को बूथ और शक्ति केन्द्रों को मजबूत करने के दिशा निर्देश प्रदान किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की समीक्षा कर समय.समय पर बैठक करने के निर्देश दिए और प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को सभी बूथ केन्द्रों पर मन की बात कार्यक्रम शत.प्रतिशत अनिवार्य रूप से सुना जावे और सरल एप्प पर अपलोड भी किया जावे। आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों पर चर्चा करते हुए कहा प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड में भाजपा का कार्यकर्ता मजबूत होना चाहिए ताकि शत–प्रतिशत सीट भारतीय जनता पार्टी की झोली में आ सके। जिससे स्थानीय सरकार के साथ साथ राज्य सरकार को भी मजबूती मिल सके। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र राजू कटारा मनोज खण्डेलवाल एवं मोहन रारह जिला मिडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर गौड रजन महुआ लाखन पहलवान एवं गौरव सरपंच जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा जिला प्रवक्ता देवेन्द्र चामड एवं कुलदीप पोसवाल कुशलपाल सिंह राजावत कविता गोयल श्वेता अग्रवाल मीरा गोयल कार्यालय प्रभारी उत्तम शर्मा मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना मोनू काजलवाला पंकज शर्मा कपिल खोंकर योगा सहनावली गौरव चरौंरा अभय गुर्जर राम जाटौली सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड जोधपुर-I
ई-निविदा सूचना संख्या 03/2026-27 NIB No. : AGM2627A0111
जोधपुर खण्ड प्रथम के विभिन्न निर्माण कार्यो की ऑनलाईन निविदा (UBN No: AGM2627WSOB00676 to 684) ई–प्रोक्योरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से बोर्ड एवं अन्य राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb व www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
राज.संवाद/सी/26/7290
अ.अ. I

कार्यालय नगर परिषद, फलोदी जिला–फलौदी (राज0)
क्रमांक / न0प0फ0 / 2026–27 / 2696 दिनांक :– 17.07.2026
–: ई–निविदा सूचना :–
नगर परिषद फलोदी द्वारा परिषद क्षेत्र में 1 कार्य हेतु सक्षम एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 23.07.2026 को मध्याह्न 12:00 बजे तक ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा की विस्तृत जानकारी वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in, व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
Tender ID :- 2026_DLB_575669_1
UBN No. :- DLB2627WSOB10510
राज.संवाद / सी / 26 / 7307
आयुक्त
नगर परिषद,फलोदी

— सशक्त पत्रकारिता का विश्वसनीय मंच —

हुक्मनामा समाचार
आपकी खबर, आपका हक

# हुक्मनामा
## समाचार




**जोधपुर | जयपुर | अजमेर से प्रकाशित**

★ राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र ★

### राजस्थान के प्रमुख जिलों में

# संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि आमंत्रित

आपकी कलम आपकी पहचान

श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, खेरतल- तिजारा, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, डीग, करौली जिले के आसपास के इलाके से जुड़ने के लिए **आज ही संपर्क करें**




## संपर्क करें

0141-2220403

8824399949

9828011251

Website:
www.hukmnamasamachar.com

निष्पक्ष पत्रकारिता
हमारी पहचान

व्यापक नेटवर्क
हर जिले में उपस्थिति

आपकी आवाज़
जन-जन तक

विश्वसनीय समाचार
हमारी जिम्मेदारी

**हुक्मनामा समाचार के साथ जुड़ें और बनें बदलाव की आवाज़**

सही खबर | सटीक खबर | हर खबर आपके लिए

## मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ कार्यक्रम

## खेल-खेल में राष्ट्र निर्माण से जुड़ेंगे राजस्थान के युवा

# खेल, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए युवा सुयोग बनेगा बदलाव का माध्यम पंचायत और वार्डों में विकसित होगा युवा नेतृत्वः भजनलाल शर्मा

- बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले से हुई शुरूआत
- युवाओं ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**युवाओं की शक्ति को सामर्थ्य में बदलने की क्रांतिकारी पहल**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेल-खेल में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, खेल और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं की शक्ति को सामर्थ्य में बदलने के लिए युवा सुयोग प्लेटफॉर्म एक सही दिशा, सही अवसर और सही मंच उपलब्ध कराएगा। क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल जैसे सामूहिक खेलों के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक पंचायत और वार्ड में युवा नेतृत्व विकसित होगा और वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 65 प्रतिशत युवा आबादी के साथ हमारा देश विश्व का सबसे युवा देश है। यही युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा शक्ति को राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय सहभागी बनाने के लिए माय भारत की अभिनव पहल की है। इसी से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने सुयोग प्लेटफॉर्म जैसी क्रांतिकारी शुरूआत की है। इस प्लेटफॉर्म को माय भारत पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि युवा को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

**पहली से लेकर अंतिम सीढ़ी तक युवाओं का सहयोग कर रही राज्य सरकार** उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलने का मौका मिलता रहे और उनकी रूचि विकसित हो, इसके लिए राज्य सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। गांव से लेकर कस्बों तक खेल सुविधाओं एवं सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। हमारी सरकार युवाओं से विभिन्न विषयों पर संवाद कर उनके सुझावों को बजट में शामिल कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हर क्षेत्र में कार्य करते हुए युवाओं को सफलता की पहली से लेकर अंतिम सीढ़ी तक की यात्रा में पूर्ण सहयोग कर रही है।

**युवाओं की निखरेगी प्रतिभा, खेल मैदानों की होगी डिजिटल पहचान** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि युवाओं के सुझावों के मुख्य आधार पर ही खेल की नीतियां तैयार की जाए। इसी क्रम में युवा सुयोग के अंतर्गत राज्य सरकार जमीनी स्तर पर प्रतियोगिताओं की शुरूआत करेगी। वार्ड और पंचायत स्तर से आगे बढ़कर विजेता टीमें विधानसभा क्षेत्र स्तर पर अपना हुनर दिखाएंगी और युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। युवा इसके लिए सुयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्कूल, कॉलेज तथा पंचायत और वार्ड के खेल मैदानों की डिजिटल पहचान भी की जाएगी।

**जिला स्तरीय सुयोग युवा क्लब बनेंगे, पंचायत-वार्ड क्लबों से जुड़ेंगे** उन्होंने कहा कि सुयोग प्लेटफार्म एक डिजिटल क्रांति है जो प्रदेश के हर गांव, हर वार्ड के अंतिम पंक्ति के युवाओं की टैअकिंग कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ेगी। इसके माध्यम से बड़ा सामाजिक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सुयोग युवा क्लब स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सुयोग प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत प्रत्येक युवा सदस्य होगा। ये जिला क्लब ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर के युवा क्लबों से जुड़ेंगे। प्रारंभिक रूप से बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरूआत जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा सुयोग के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों पर विशेष पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे। युवाओं की नेतृत्व क्षमता को परखने के लिए स्वच्छता अभियान और डिजिटल साक्षरता जैसे स्वयंसेवक कार्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुयोग-चर्चा के तहत युवा संवाद, टॉक शो और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी बात रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। गत ढाई वर्षों में युवाओं को लगभग 1 लाख 78 हजार से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। करीब 1 लाख पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है और सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है। साढ़े चार लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार प्रदान किया गया है। वहीं, इस दौरान एक भी पेपर लीक नहीं हुआ और सभी भर्ती परिक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य कौशल नीति-2025 और राजस्थान युवा नीति-2025 लाई गई है। इसी प्रकार साढ़े तीन लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत 4 लाख से अधिक आशार्थियों को 1 हजार 347 करोड़ रुपये की राशि एवं साढ़े चार हजार से अधिक स्टार्टअप्स का पंजीकरण सहित कई परिणामोन्मुखी निर्णय किए गए हैं। बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने कहा कि अनुशासित युवा विकसित राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद है। युवा हितों की दिशा में युवा सुयोग अनुपम पहल है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि युवा सुयोग महज एक खेल योजना नहीं है, बल्कि खेल प्रतिभाओं को प्रभावी मंच उपलब्ध करवाने का माध्यम है, जो कि स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को तलाशेगा और तराशेगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक गोपाल शर्मा, कैलाश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल प्रवीण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। वहीं, बारां विधायक ललित मीणा के नेतृत्व में स्थानीय युवा तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से युवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

## 'शक्ति दिवस' पर बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की हुई एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों और पोषण माह के अंतर्गत पोषणयुक्त आहार लेने हेतु किया जागरूक किया गया। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

## आधुनिक विधि की चुनौतियों के बीच भारतीय विधि शास्त्र की प्रासंगिकता पर मंथन

## प्रो. कृष्णा शर्मा बोले– कर्तव्य आधारित भारतीय न्याय-दृष्टि आज भी समाधानकारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आधुनिक न्याय व्यवस्था की चुनौतियों के समाधान के लिए भारतीय विधिशास्त्र के मूल सिद्धांत आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। भारतीय न्याय परंपरा केवल अपराध और दंड तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म, कर्तव्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और प्राकृतिक न्याय पर आधारित समग्र जीवन-दृष्टि प्रस्तुत करती है। यह विचार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के धर्मशास्त्र विद्याशाखा एवं भारतीय विधिशास्त्र विद्याशाखा के विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णा शर्मा ने व्यक्त किए। वे मंगलवार को अधिवक्ता परिषद राजस्थान, जयपुर प्रांत की उच्च न्यायालय इकाई द्वारा स्थानीय आईआर लाइब्रेरी में आयोजित स्टडी सर्किल में 'आधुनिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय विधि शास्त्र की प्रासंगिकता' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। प्रो. शर्मा ने कहा कि पाश्चात्य विधि व्यवस्था जहां अधिकार (राइट्स) आधारित अवधारणा पर केंद्रित है, वहीं भारतीय विधिशास्त्र में कर्तव्य (धर्म) को प्राथमिकता दी गई है। उनका कहना था कि यदि व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे तो अधिकारों की रक्षा स्वतः सुनिश्चित हो जाती है। उन्होंने वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) प्रणाली को भारतीय ग्राम पंचायतों की प्राचीन न्याय परंपरा का आधुनिक स्वरूप बताते हुए कहा कि मध्यस्थता और समझौते जैसे तंत्र भारतीय प्राकृतिक न्याय की अवधारणा से प्रेरित हैं। उन्होंने समयाभाव के कारण पारिवारिक विधान, हिंदू उत्तराधिकार एवं विवाह संबंधी विधिक विसंगतियों, फौजदारी प्रक्रिया में साक्ष्य की अवधारणा तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े भारतीय विधि सिद्धांतों का संक्षिप्त उल्लेख किया। उनका मत था कि भारतीय विधिशास्त्र के मूल सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाने से न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम किया जा सकता है तथा पीड़ित पक्ष को समयबद्ध और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन दिसंबर में जयपुर में प्रस्तावित राष्ट्रीय आयोजन 'लोकमंथन – भारत के लोग' की बौद्धिक श्रृंखला के अंतर्गत किया गया। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के विमर्शों का उद्देश्य विधि क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों के बीच भारतीय न्याय-दृष्टि को लेकर गंभीर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत स्टडी सर्किल के संयोजक वैभव पारीक ने प्रो. कृष्णा शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए की। समापन पर अधिवक्ता दीक्षा मिश्रा एवं नेहा गोयल ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के प्रांत महामंत्री अभिषेक सिंह, प्रांत अध्यक्ष प्यारे लाल, राष्ट्रीय मंत्री कमल परसावल सहित उच्च न्यायालय के अनेक अधिवक्ता एवं विधिकर्मी उपस्थित रहे।

संचालन इकाई महामंत्री धर्मेंद्र बराला ने किया, जबकि अंत में इकाई अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अधिवक्ता परिषद ने बताया कि इस विषय-श्रृंखला की अगली कड़ी अगले सप्ताह सेशन न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। आगामी स्टडी सर्किल में प्रो. कृष्णा शर्मा भारतीय फौजदारी विधान की विशेषताओं तथा धर्मशास्त्र के आधुनिक न्यायिक उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

## न्यूज विंडा

### स्पीकर देवनानी ने एसबीआई को साइबर जागरूकता अभियान चलाने का दिया सुझाव



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जयपुर सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक ओंकार नाथ चौधरी ने विधानसभा में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने स्मृति चिह्नों का आदान-प्रदान किया। देवनानी ने बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए बैंक खाताधारकों की सुरक्षा के लिए राज्यभर में जागरूकता शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा बेहद आवश्यक है और आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना समय की जरूरत है। चौधरी ने एसबीआई द्वारा ग्राहकों की साइबर सुरक्षा के लिए संचालित जागरूकता कार्यक्रमों और विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) संजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

### जेडीए की पीडब्ल्यूसी बैठक में 219 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की पीडब्ल्यूसी बैठक में शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगभग 219 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में करतारपुरा नाले के पुनर्स्थापन के लिए 165.73 करोड़ रुपये, स्वर्ण जयंती ऑक्सीजन पार्क, रॉयल हैप्पीनेस पार्क और राजस्थान उत्सव पार्क के विकास सहित सड़क नवीनीकरण परियोजनाओं को मंजूरी मिली। बैठक में अधिकारियों को सभी परियोजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इन परियोजनाओं से सड़क, जल निकासी, हरित विकास, पर्यटन और नागरिक सुविधाओं को नई गति मिलेगी।

### राजस्थान विधानसभा स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

*देवनानी ने की पूजा- अर्चना, प्रदेश की खुशहाली की कामना की*



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा परिसर स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के मौके पर आयोजित तीन दिवसीय देव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ स्पीकर वासुदेव देवनानी ने आरम्भ किया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मंगलवार को देव अर्चन, हवन, अधिवास एवं संकीर्तन सहित विभिन्न अनुष्ठान सम्पन्न किए। इस मौके पर प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा सहित विधानसभा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में संपन्न हो रहे अनुष्ठानों से संपूर्ण विधानसभा परिसर भक्तिमय वातावरण से सरोबार हुआ। महोत्सव का समापन बुधवार 22 जुलाई को महाअभिषेक, देव प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ होगा।

## मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में नियमित रूप से एंटीलार्वा गतिविधिधियों का संचालन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मानसून में मच्छरों के प्रजनन की संभावना बढ़ने के मद्देनज़र जिले में मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु नियमित रूप से एंटीलार्वा गतिविधिधियों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चिकित्साकर्मियों द्वारा निरंतर सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टीअडल्ट व जागरूकता के लिए आईईसी की गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा जिला व ब्लॉक स्तर से मोनिटरिंग और सुपरविजन किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण हेतु सक्रिय सहयोग करें तथा अपने घर, कार्यस्थल और आसपास स्वच्छता बनाए रखते हुए कहीं भी पानी का ठहराव न होने दें। जनभागीदारी से ही रोग मुक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता और उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए एंटीलार्वा, सर्वे, सैम्पलिंग सहित विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु एहतियात बरतनी ज़रूरी हैं। बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी मच्छरों को पनपने से रोकना है। इसके लिए आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई पर ध्यान देना बेहद आवश्यक है।

## एचपीवी टीकाकरण को लेकर सीएमएचओ की अभिभावकों से अपील

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का समय पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान के माध्यम से पात्र बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। डॉ. रवि शेखावत और डॉ मनीष मित्तल ने कहा कि अभिभावक किसी भी प्रकार की भ्रांतियों या अफवाहों पर ध्यान न दें और अपनी बेटियों को नजदीकी राजकीय चिकित्सा संस्थान में ले जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं। समय पर लगाया गया यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करने में सहायक होता है। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड, स्कूल आईडी या अंकतालिका में से कोई एक आयु प्रमाण के रूप में लाना आवश्यक है। जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं।

## पी.एम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नगर निगम जयपुर में बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओमप्रकाष कसेरा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना कि प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु सभी बैंको के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त ओमप्रकाष कसेरा, उपायुक्त श्याम लाल जांगिड, जिला परियोजना अधिकारी गोपाल लाल रेगर, जिला अग्रणी प्रबधंक गणेष कुमार एवं सभी बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में योजना के अन्तर्गत प्रथम, द्धितीय एवं तृतीय ऋण के लंबित आवेदनो की बैकवार प्रदर्षन कर विस्तार से समीक्षा की गई।

## क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के मूल्यांकन के मापदण्ड जारी

# जवाबदेही का होगा निर्धारण, रियल टाइम सर्विस होगी प्राथमिकताः डॉ. समित शर्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर जिन्स की खरीद करने से लेकर कृषि आदानों की मांग के अनुसार आपूर्ति करने, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र की सेवायें मुहैया कराने और कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किराये पर खेतीबाडी में काम आने वाले उपकरण और ड्रोन जैसी सुविधा प्रदान करने के लिये क्रय-विक्रय सहकारी समितियों का संचालन किया जा रहा है। इन समितियों में अधिकारियों एवं कार्मिकों की दक्षता एवं उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं की रियल टाइम सर्विस डिलेवरी को सुनिश्चित करने के साथ जवाबदेही के निर्धारण के लिये सहकारिता विभाग द्वारा मूल्यांकन के मापदण्ड जारी किये हैं। शासन सचिव, सहकारिता डॉ. समित शर्मा द्वारा मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं का संचालन सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है। इसलिये यह हमारा प्राथमिक कर्तव्य है कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुसार योजनाओं का निष्पादन किया जाये। उन्होंने समितियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को कहा कि वे सरकार की योजनाओं का फायदा लक्षित किसान तक पहुंचाने के लिये रियल टाइम सर्विस डिलेवरी को प्राथमिकता बनायें और उनके प्रति जवाबदेह बनें।

**इन मापदण्डों के आधार पर होगा मूल्यांकन** डॉ. शर्मा ने बताया कि सहकारी संस्थाओं के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उनकी कार्यप्रणाली में सुधार के लिये महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिये 11 मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं। जैसे समर्थन मूल्य पर किसानों का पारदर्शी ढंग से पंजीकरण करना, उनसे निर्धारित समयावधि में एफएक्यू मापदण्डानुसार जिन्स की तुलाई करना एवं विक्रय पर्ची जारी होने पर समय-सीमा में किसान को बैंक खाता में त्वरित भुगतान होने के आधार पर 10 अंक मिलेंगे। इसी प्रकार यदि समिति किसानों के लिये बुवाई सीजन से पहले प्रमाणित उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक का पर्याप्त बफर स्टॉक करती है और उसका सुचारू वितरण पोस मशीन के माध्यम करती है तो उसे 15 अंक मिलेंगे। किसी भी समिति के संचालन में पारदर्शी लेखांकन एवं ऑडिट व्यवस्था के साथ संचालक मण्डल की नियमित बैठकों का आयोजन करना एवं समिति के कामकाज की नियमित समीक्षा करने पर ही समिति के अधिकारियों एवं कार्मिकों की जवाबदेही को तय किया जा सकता है, इसलिये इनकी पालना के 5 अंक निर्धारित किये गये हैं। समिति के द्वारा दी जा रही सेवाओं के विस्तार एवं लाभ में वृद्धि तथा समिति में अनुपयोगी पत्रावलियों एवं रिकॉर्ड के निस्तारण के लिये 10 अंक निर्धारित हैं। समिति को अपनी आय में वृद्धि करने के लिये प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में कार्य करने, किसानों को तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराने मृदा परीक्षण की व्यवस्था करने, उन्नत कृषि तकनीक,




खाद व मशीनरी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 5 अंक निर्धारित किये गये हैं। यदि समिति द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटर के रूप में कार्य किया जा रहा है और किसानों को किफायती दरों पर खेतीबाडी के काम में आने वाले महंगे कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की सेवायें दी जा रही है तो उन्हें 5 अंक मिलेंगे। समीक्षा बैठक में शासन सचिव ने बताया कि भीण्डर, चौमहला, देवली, टोडारायसिंह एवं उनियारा की क्रय-विक्रय सहकारी समितियों द्वारा 50-50 अंक प्राप्त कर प्रदेश में अव्वल रही। उन्होंने सभी क्रय-विक्रय सहकारी समितियों का आह्वान किया कि वे निर्धारित मापदण्ड के आधार पर प्रथम स्थान पर आने का प्रयास करें। इसके लिये कार्यस्थल पर निर्धारित समयावधि में कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चत की जावे तथा किसानों की आवश्यकता एवं विभागीय योजनाओं की एसओपी के अनुसार सर्विस डिलेवरी को सुनिश्चित किया जावे।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### मिस हैंडलिंग भारी पड़ेगी



दिल्ली में चल रहे छात्रों के आंदोलन को सरकार ने जितनी दबाने की कोशिश की है उतना ही यह भड़क गया है माना जा रहा है कि सरकार की इस मामले में मिस हैंडलिंग हुई है इसी के चलते विपक्षी दलों को सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का मौका मिल गया है। मोदी सरकार ने पिछले 12 साल में एक काम बड़ी सफाई से किया कि किसी भी बड़े मुद्दे को दबाने के लिए दूसरा मुद्दा खड़ा कर दिया इस बार राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को दबाने के लिए सरकार ने छात्रों के आंदोलन को बढ़ने दिया यह आंदोलन इतना बढ़ जाएगा सरकार के प्रबंधकों ने सोचा भी नहीं था। दरअसल सोनम वांगचुक के अनशन के बाद यह आंदोलन एक नया रूप ले गया था अंतरराष्ट्रीय कवरेज के साथ युवाओं का लगातार जुड़ाव इसको ताकत देता रहा इसलिए सरकार ने इसे छेड़ने की कोशिश नहीं की हाई कोर्ट के ऑर्डर के बाद सोनम वांगचुंग को उठाकर अस्पताल में भर्ती करके सरकार ने सोचा कि यह आंदोलन अब तोड़ा जा सकता है इसीलिए जंतर मंतर से संसद मार्च को दबाने की कोशिश की गई इसके बाद यह आंदोलन अब बेकाबू दिख रहा है इस मामले को लेकर सोमवार के बाद मंगलवार को भी संसद में हंगामा रहा और विपक्ष की दलों को एक बड़ा मुद्दा मिल गया ऐसा मुद्दा जिस पर सरकार इतनी जल्दी बेबस हो गई है, कारण साफ है कि यह आंदोलन गांव-गांव में फैल जाएगा। कभी छात्र और युवा भाजपा की ताकत होते थे सत्ता के शिखर पर पहुंचने में इस वर्ग का तथा हिंदू समाज का बड़ा योगदान रहा है लेकिन चढ़ावा चोरी और छात्र आंदोलन के बाद दोनों ही वर्ग सरकार से बहुत दूर हो गए हैं इसका खामियाजा भाजपा को उठाना होगा। *वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

2009: दुनिया ने 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण देखा।
2012: प्रणब मुखर्जी भारत के 13वें राष्ट्रपति बने।
2019: चंद्रयान-2 ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।
1981: भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह ऐपल ने कार्य करना शुरू किया।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर संसद में हंगामा।
◆वहां सरकार रोक नहीं सकती।
❑ कॉकरोच जनता पार्टी ने जंतर मंतर से संसद तक निकाला मार्च।
◆यह तो शुरुआत है।
❑प्रधानमंत्री बोले देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है जहां तथ्य तर्क है वहां तूफान की जगह नहीं।
◆तूफान उठ गया तो तथ्य और तर्क सब धरे रह जाएंगे।
❑मल्लिकार्जुन खड़गे बोले जंतर मंतर पर लाठीचार्ज से बच्चों की आवाज दबा रही सरकार।
◆सब की आवाज दबाने का एक ही तरीका।
❑राहुल गांधी बोले बच्चों ने शिक्षा के जायद सवाल उठाए तो जवाब में मिली लाठी और हिरासत।
◆इस सरकार को सवाल सुनने की आदत नहीं।
❑राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को दोबारा एसआईटी बनाने के दिए निर्देश।
◆असली आरोपी तो तब भी नहीं पकड़े जाएंगे।
❑मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले अधिकारी बहाने नहीं बनाएं समय पर काम करें।
◆बहाने तो नेता ज्यादा बनाते हैं।
❑अब 31 अगस्त तक लगेंगे शहरी ग्रामीण सेवा शिविर।
◆चुनाव प्रचार भी हो जाएगा।

*.............अंजू लोढ़ा*

# नीट में सीट की जंग, अब काउंसलिंग चुनौती




डॉ. मोनिका शर्मा

**जिस गति से एमबीबीएस की सीटें बढ़ रही हैं। इससे यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि क्या एमबीबीएस करना अब सही है। इसके बावजूद समाज और स्वास्थ्य प्रणाली में एमबीबीएस डॉक्टर की उपयोगिता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है। बदलते दौर में एमबीबीएस की उपयोगिता इसलिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि चिकित्सा मानव जीवन की रक्षा का एकमात्र जरिया है।**

री-नीट-2026 का रिजल्ट नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें कुल 11.21 लाख अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। इस वर्ष देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से ऑल इंडिया रैंक वन हासिल की है। राजस्थान के उपलक्ष्य को तीसरी रैंक मिली है। हर कोई अब इस गणित में उलझा है कि उसको अच्छा सा मेडिकल कॉलेज मिल जाए। इसके लिए अभिभावकों के सामने अब प्रवेश के लिए काउंसलिंग कराना बड़ी चुनौती साबित होगा, क्योंकि हर पेरेंट्स चाहेगा कि उसके बच्चे को अच्छा मेडिकल कॉलेज मिले। इसके लिए उसे काउंसलिंग बहुत सावधानी से करनी होगी। पेरेंट्स को चाहिए कि वह पिछले दो सालों की रैंक देख लें कि किस रैंक पर कौनसा कॉलेज मिला है। इसके आधार पर वह प्री तैयारी कर लें। इससे उसका काम काफी आसान हो जाएगा। हालांकि इस बार नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने देश में कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाकर 1,36,939 कर दी है। राजस्थान हमेशा से नीट के लिए एक हाई-मेरिट राज्य रहा है। डाटा के अनुसार, राजस्थान में कुल सीटों की संख्या 7,205 है। राज्य के सरकारी और सोसाइटी संचालित कॉलेजों को मिलाकर कुल 4,505 सीटें उपलब्ध हैं। इसी तरह से हाल ही में मिली 900 नई प्राइवेट सीटों की मंजूरी के बाद राजस्थान में प्राइवेट कॉलेजों की सीटें बढ़कर 3600 हो गई हैं। राजस्थान में सरकारी सीट पाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रहेगी, क्योंकि राजस्थान से 1.33 लाख विद्यार्थियों ने नीट क्वालिफाई किया है। जिस गति से देश में एमबीबीएस की सीटें बढ़ रही हैं। इससे अब यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि क्या एमबीबीएस करना अब सही रहता है। इस सबके बावजूद समाज और स्वास्थ्य प्रणाली में एमबीबीएस डॉक्टर की उपयोगिता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है। बदलते दौर में एमबीबीएस की उपयोगिता इसलिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि चिकित्सा केवल एक कॅरियर नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का एकमात्र जरिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार, प्रति एक हजार की आबादी पर एक डॉक्टर होना अनिवार्य है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में यह अनुपात अभी भी ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में बेहद असंतुलित है। आज भी देश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण अस्पतालों को योग्य एलोपैथिक डॉक्टरों की सख्त जरूरत है। महामारी के दौर ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा उसकी स्वास्थ्य प्रणाली पर टिकी होती है और उस प्रणाली की रीढ़ की हड्डी एमबीबीएस डॉक्टर ही होते हैं। इसके अलावा, आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ रही बीमारियों (जैसे डायबिटीज, हार्ट अटैक और मानसिक तनाव) के सटीक इलाज और परामर्श के लिए समाज को हमेशा एक सर्टिफाइड डॉक्टर की जरूरत रहेगी। यह एक ऐसा पेशा है, जिसे कभी भी कोई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या मशीन पूरी तरह रिप्लेस नहीं कर सकती, क्योंकि मरीजों को इलाज के साथ-साथ मानवीय संवेदना और भरोसे की आवश्यकता होती है, जो केवल एक डॉक्टर ही दे सकता है। इसी उपयोगिता के कारण आज भी समाज में एमबीबीएस को लेकर लोगों की सोच बेहद सकारात्मक, लेकिन व्यावहारिक हो चुकी है। जहां एक तरफ इसे आज भी देश का सबसे गरिमापूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक पेशा माना जाता है, वहीं दूसरी तरफ अब लोग इसके पीछे के मानसिक तनाव और लंबी अवधि को लेकर जागरूक हो रहे हैं। पेरेंट्स अब केवल डॉक्टर टैग के लिए बच्चों पर दबाव बनाने से बच रहे हैं। इसके अलावा, प्राइवेट कॉलेजों की करोड़ों रुपए की फीस और उसके बदले मिलने वाले शुरुआती वेतन (रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट) को लेकर लोग काफी व्यावहारिक सोच रखने लगे हैं। इतना जरूर है कि केवल एमबीबीएस (यूजी) डिग्री की वैल्यू वैसी नहीं रहेगी जैसी पहले थी, क्योंकि अब स्पेशलाइजेशन अनिवार्य होता जा रहा है। भविष्य में एक सफल डॉक्टर बनने के लिए एमबीबीएस के बाद एमडी (एमडी), एमएस (एमएस) या सुपर स्पेशलाइजेशन करना आवश्यक होगा, क्योंकि मरीज क्वालिटी यानी कुशल डॉक्टर पर भरोसा करते हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने हाल ही में 25 नए मेडिकल कॉलेजों और 9,911 नई सीटों को मंजूरी दी है, जिसके बाद भारत में कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या 1,36,939 हो गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश के 441 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 63,296 सीटें हैं, जहां फीस कम रहती है, जबकि 382 प्राइवेट और डीम्ड विश्वविद्यालयों में 73,643 सीटें हैं, जहां कट-ऑफ कम, लेकिन फीस अधिक होती है। इस साल 21 जून को दोबारा आयोजित री-नीट परीक्षा के कारण इस साल का परिणाम अत्यधिक प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें 700 से अधिक अंक पाने वाले केवल 19 छात्र हैं, लेकिन असली प्रतिस्पर्धा 600-700 अंकों के बीच 10,000 छात्रों के बीच है। वहीं सामान्य वर्ग के लिए क्वालीफाइंग कट-ऑफ 213 अंक और आरक्षित श्रेणियों के लिए 177 अंक रही है, जिसके चलते 600-650 अंक लाने वाले छात्रों को भी सरकारी सीट के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। बहुत से लोग ऐसे हैं, जो जल्दी पैसा कमाना चाहते हैं। यदि लक्ष्य केवल जल्दी पैसा कमाना है, तो एमबीबीएस सही विकल्प नहीं हो सकता है, क्योंकि इसमें साढ़े पांच साल की पढ़ाई और उसके बाद पीजी करने में समय लगता है। हालांकि यदि मानवता की सेवा करने का जज्बा, असीमित धैर्य और लगातार पढ़ने की इच्छा है, तो यह दुनिया का सबसे बेहतरीन और नोबल प्रोफेशन बना रहेगा, जहां डॉक्टर की उपयोगिता और सम्मान कभी भी कम नहीं होगा।

# रुग्णावस्था में है भवाली का टी.बी.सेनेटोरियम



प्रयाग पाण्डे

पृथक उत्तराखंड राज्य को अस्तित्व में आए चौथाई सदी बीत गई है। इतने लंबे अंतराल में यह राज्य ऐसा कोई संस्थान नहीं बना सका, जिसकी राष्ट्रीय फलक पर पहचान स्थापित हो पाई हो। इसके उलट राज्य बनने के बाद एक दौर में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त राज्य रक्षालस संस्थान (वैक्सीन इंस्टीट्यूट) पटवाडांगर (नैनीताल) अब अस्तित्व विहीन हो गया है। यहाँ जो नामी संस्थान बचे हैं, वे भी बदहाली की स्थिति में पहुँच गए हैं। इन्हीं में एक है - टी. बी. सेनेटोरियम, भवाली। पिछले एक सौ सोलह वर्षों तक देश भर के हज़ारों - लाखों लोगों को तपेदिक जैसी जानलेवा बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिए प्रसिद्ध भवाली का टी.बी. सेनेटोरियम आज खुद उपेक्षा और लापरवाही नामक लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है। रुग्णावस्था में पहुँच गया है। भवाली के टी.बी. सेनेटोरियम का एक सौ सोलह वर्ष का उपलब्धियों भरा अतीत रहा है। एक सदी पहले जब तीसरी दुनिया के गरीब मुल्कों में टी.बी. की बीमारी का जबरदस्त प्रकोप था। तब टी.बी. को संक्रामक यानी एक से दूसरे को फैलने वाला खतरनाक रोग माना जाता था। टी. बी. के रोगियों को समाज से दूर रखा जाता था। दुनिया के गरीब मुल्कों के अधिकांश लोग टी.बी. की बीमारी से जूझ रहे थे। यह बीमारी तीसरी दुनिया के देशों के गरीब और निर्धन लोगों की मौत का सबसे बड़ा कारण बनी हुई थी। तपेदिक की बीमारी का आधुनिक वैज्ञानिक विधि से मुकाबला करने के लिए पहाड़ी क्षेत्र में एक बड़ा सेनेटोरियम बनाने की जरूरत सिद्दत से महसूस की जाने लगी थी। भवाली की आबोहवा एवं वातावरण तपेदिक से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए सर्वथा उपयुक्त था। यहाँ समुद्र सतह से छह हजार फिट ऊँचाई पर स्थित चीड़, बांज, देवदार, बुरांश आदि के जंगल से घिरी एक शांत और एकांत पहाड़ी थी। इसे 'भवाली स्टेट' नाम से जाना जाता था। प्रकृति के बीच स्थित इस स्वास्थ्यवर्धक स्थान को टी.बी. सेनेटोरियम के लिए आदर्श समझा गया। तब रामपुर रियासत के तत्कालीन नवाब हामिद अली खां भवाली स्टेट के मालिक थे। यह रामपुर रियासत के तत्कालीन नवाब की ग्रीष्मकालीन आरामगाह थी। अंग्रेजों के आग्रह पर रामपुर के तत्कालीन नवाब हामिद अली खां ने यहाँ स्थित खुद की विशाल कोठी एवं दूसरे मकानात सहित भवाली स्टेट की सवा दो सौ एकड़ जमीन सेनेटोरियम बनाने के लिए दान में दे दी। 1912 में यूनाइटेड प्रोविंसेज (अविभाजित उत्तर प्रदेश) के आगरा और अवध के जागरूक नागरिकों ने किंग एडवर्ड सप्तम की याद में भवाली टी. बी. सेनेटोरियम की स्थापना की। तब इसका नाम 'किंग एडवर्ड सप्तम सेनेटोरियम' रखा गया था। सेनेटोरियम की शुरुआत 48 बिस्तरों के अस्पताल से हुई। सेनेटोरियम का संचालन ग्यारह सदस्यीय एक ट्रस्ट द्वारा किया जाता था। उच्च पदस्थ न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी और समाज के ख्यातिलब्ध लोग ट्रस्ट के सदस्य होते थे। प्रारंभिक काल में सेनेटोरियम मार्च से नवंबर माह तक वर्ष में नौ महीने खुलता था। शुरुआती दो दशक में ही यह उत्तर भारत का मुख्य टी.बी. सेनेटोरियम बन गया था। अक्टूबर,1929 में यहाँ आधुनिकतम एक्स - रे मशीन लग गई थी। सर्व सुविधा संपन्न आपरेशन थियेटर और पैथोलॉजी लैब पहले ही बन चुकी थी। तब यहाँ बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। जेनरेटरों के सहारे विद्युत व्यवस्था की जाती थी। 1937 तक सेनेटोरियम में बिस्तरों की संख्या 140 हो गई थी। उन दिनों जिन रोगियों को सेनेटोरियम में बिस्तर उपलब्ध नहीं हो पाते थे, वे भवाली, भूमियाधार आदि आसपास के कस्बे - गाँवों में किराए का घर लेकर यहाँ अपना इलाज कराते थे। यूरोपियन पुरुष रोगी सेनेटोरियम के विशाल परिसर में खुले में तंबू गाड़ कर रहा करते थे। 1940 के दशक में भवाली सेनेटोरियम अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुका था। तब इसे एशिया का दूसरे नंबर का सेनेटोरियम माना जाता था। उस दौर में देश की अनेक नामचीन हस्तियां इलाज के लिए यहाँ भर्ती रहीं। जिनमें श्रीमती कमला नेहरू, सर कैलाश नाथ काटजू, महान साहित्यकार यशपाल, उन्नाव के क्रांतिकारी गया प्रसाद शुक्ला, शौकत अली बंधु और उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री संपूर्णानंद की पत्नी आदि शामिल थे। श्रीमती कमला नेहरू का 1926-27 में स्विजरलैंड में तपेदिक का इलाज हुआ था। पुन: लक्षण उभरने पर उन्हें 11अक्टूबर, 1934 को भवाली लाया गया था, वे कुछ वक्त भवाली के एक घर में रहीं। कमला नेहरू की तीमारदारी के लिए फिरोज गाँधी उनके साथ थे। कमला नेहरू को 10 मार्च, 1935 को भवाली सेनेटोरियम में भर्ती कराया गया। वे 15 मई,1935 तक यहाँ भर्ती रहीं। उन दिनों पंडित जवाहर लाल नेहरू इलाहाबाद की नैनी जेल में बंद थे। कमला नेहरू की अस्वस्थता के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने पंडित नेहरू को नैनी जेल से जिला जेल, अल्मोड़ा स्थानांतरित कर दिया था। 27 अक्टूबर,1934 को पंडित नेहरू ने भवाली में कमला नेहरू से भेंट की। पंडित जवाहर लाल नेहरू अल्मोड़ा जिला जेल से पाँच बार कमला नेहरू से मिलने भवाली सेनेटोरियम आए थे। टी.बी. जैसी जानलेवा बीमारी से मुकाबला करने में भवाली सेनेटोरियम की उल्लेखनीय भूमिका के मद्देनजर देश के तत्कालीन शीर्षस्थ नेता, उच्च न्यायिक अधिकारी, अंग्रेज आला अफसरान एवं अन्य नामचीन लोग अक्सर भवाली सेनेटोरियम का दौरा किया करते थे। 16 जून,1929 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी ने यहाँ का भ्रमण किया था। 1935 में यूनाइटेड प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर सर हैरी हेग सपत्नीक यहाँ आए। सर हैरी हेग की पत्नी ने सेनिटोरियम में मनोरंजन कक्ष के निर्माण के लिए पाँच सौ रुपए भी दिए थे। इसी वर्ष सेठ जमनालाल बजाज ने भी सेनिटोरियम का दौरा किया था। उन्होंने श्रीमती कमला नेहरू के नाम से एक कॉटेज के निर्माण के लिए एक हजार रुपए दान दिए। कमला नेहरू ने खुद भी सेनेटोरियम में भर्ती रोगियों के मनोरंजन के लिए पियानो भेंट किया था। भवाली सेनेटोरियम में भर्ती महिला और पुरुष रोगियों के लिए अलग- अलग मनोरंजन कक्ष बने हुए थे।

## आज का राशिफल

### बुधवार 22 जुलाई, 2026

**मेष राशि:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपने बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा जो भविष्य में लाभदायक रहेगा।

**वृषभ राशि:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोडने् से बचें।

**मिथुन राशि:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं।

**कर्क राशि:** अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद लेनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन ना खुश होंगे।

**सिंह राशि:** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दुसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग हैं।

**कन्या राशि:** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

**तुला राशि:** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आए परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सोहार्द बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** अपने हिसाब से जिंदगी जीना पसंद करेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भूमि-भवन संबंधी विवादों का अंत होगा।

**धनु राशि:** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

**मकर राशि:** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी में मधुर रहें।

**कुम्भ राशि:** सेहत को नजरअंदाज न करें। आनावाश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी। अपने संपर्कों से रुके कार्य पूरे होंगे।

**मीन राशि:** जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ में सुधार होगा।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# क्यों फट जाते है बादल और क्यों गिरती है आसमान से बिजली



बाल मुकुन्द ओझा

मानसून अपने साथ जहां खुशियों की सौगात लेकर आते है वहीं मानसून के खतरे भी कम नहीं है जिससे हर साल सैंकड़ों लोग अकाल काल कलवित हो जाते है। अतिवृष्टि, बाढ़, आकाशीय बिजली और बादल फटने की घटना आम बात हो गई है। मॉनसून आने के साथ ही आए दिन बादल फटने और बिजली गिरने से लोगों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। बारिश के मौसम में अक्सर आसमानी बिजली गिरने के मामले सामने आते हैं। बादलों की तेज गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर हर कोई डर जाता है। कभी-कभी यह बहुत खतरनाक हो जाती है और जमीन पर गिरने पर जानलेवा हो जाती है। यह जहां पर गिरती है, वहा तबाही मचा देती है। बारिश के दौरान अक्सर बादलों के बीच गड़गड़ाहट के साथ बिजली चमकती है। इसके गिरने से कभी इंसान घायल हो जाता है, तो कभी इसकी चपेट में आने से मौत हो जाती है। देशभर में मौसम के करवट बदलने के बीच पहाड़ी राज्यों में बादल फटने और फ्लैश फ्लड की घटनाएं देखने को मिली है। बादल फटना एक ऐसी आपदा है जिसमें कुछ ही मिनटों में सब कुछ तबाह हो जाता है। बादल फटने की घटनाएं हिमालय रेंज में लगातार बढ़ रही हैं। यह जून और जुलाई के महीनों में होती है जब दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाएँ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से चलती हैं और मैदानी इलाकों को पार करते हुए भारत के उत्तरी पहाड़ी इलाकों की ओर बढ़ती हैं। भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक बादल फटने की ज्यादातर घटनाएं 1 हजार से 2500 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दर्ज की गई हैं। इनमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भीषण वर्षा और बादल फटने से भारी तबाही हुई है, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 12 लापता हैं। जम्मू कश्मीर में इस महीने अब तक कम से कम 15 बार बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। विज्ञान की भाषा में, बादल फटना एक अत्यंत तीव्र वर्षा को संदर्भित करता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, जब किसी क्षेत्र में प्रति घंटे 100 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा होती है, तो उसे बादल फटना माना जाता है। यह अक्सर एक छोटे से भौगोलिक क्षेत्र में सीमित समय के लिए होता है। बादल फटने की घटना मुख्य तौर पर कपासी वर्षा बादल के कारण होती है। हवा जब गर्म होती है, तो वह ऊपर की ओर उठती है और अपने साथ नमी भी ले जाती है। ऊपर पहुंचने पर यह ठंडी हो जाती है, जिससे नमी पानी की बूंदों में बदल जाती है। इन बूंदों के मिश्रण से वातावरण में कपासी वर्षा बादल बनते हैं, जो कि एक प्रकार का बड़ा और वर्टिकल बादल होता है। इसमें पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है। बादल का निचला हिस्सा, जब गुरुत्वाकर्षण की वजह से पानी का भार सह पाता है, तो एक ही जगह पर अधिक पानी बरसता है, जो कि बारिश की बड़ी बूंदे होती हैं। इससे कम समय में बहुत अधिक बारिश हो जाती है, जिसे बादल फटना कहा जाता है। इस आलेख में हम बिजली गिरने और बादल फटने की जानकारी आम पाठकों तक पहुँचाना चाहते है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के साथ तेज चमकती रोशनी और उसके बाद कड़कड़ाती आवाज सुनाई देती है। आसमान में चमकी यह बिजली तेजी से पृथ्वी पर गिर कर इंसानों की मौत का कारण भी बनती है। आकाशीय बिजली एक शक्तिशाली करंट है। इसके गिरने के समय लोगों को खुद को बचाने का क्षण भर का समय भी नहीं मिल पाता । मौसम विभाग के अनुसार, बिजली का गिरना या आघात एक बड़ा विद्युतीय प्रवाह है जो तूफान के दौरान हवा की गति के बढ़ने और कम होने के कारण उत्पन्न होता है। इस दौरान, पृथ्वी की बाहरी परत पर सकारात्मक चार्ज होता है क्योंकि विपरीत चार्ज आकर्षित करता है, आंधी के बादलों में मौजूद नकारात्मक चार्ज पृथ्वी की बाहरी परत पर मौजूद सकारात्मक चार्ज से जुड़ना चाहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दुनिया में हर साल बिजली गिरने की करीब 2 लाख 40 हज़ार घटनाएं दर्ज होती हैं। इन घटनाओं में कितनी जानें जाती हैं, इसे लेकर कई तरह के अध्ययन अलग आंकड़े बताते हैं।

# विजयी विश्व तिरंगा प्यारा : राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस का संदेश



सुनील कुमार महला

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे राष्ट्र की पहचान, गौरव, एकता और संप्रभुता का प्रतीक है। प्रत्येक भारतीय के लिए यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, लोकतंत्र, राष्ट्रीय अस्मिता और देशभक्ति का प्रतीक है। भारत के इतिहास में 22 जुलाई 1947 का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन संविधान सभा ने वर्तमान तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकृत किया था। पाठकों को बताता चलूं कि संविधान सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रीय ध्वज संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति से कुछ सप्ताह पूर्व लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद तिरंगा स्वतंत्र भारत की पहचान बन गया। इसी कारण प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश की स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का प्रतिनिधित्व करता है। तिरंगे में तीन समान क्षैतिज पट्टियां हैं। सबसे ऊपर स्थित केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। बीच का सफेद रंग सत्य, शांति और पवित्रता का संदेश देता है, जबकि नीचे का हरा रंग समृद्धि, विकास और प्रकृति का प्रतीक माना जाता है। ध्वज के मध्य में गहरे नीले रंग का अशोक चक्र अंकित है, जो धर्म, न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है।अशोक चक्र में 24 तीलियां हैं, जिन्हें जीवन के 24 गुणों, सिद्धांतों और सतत प्रगति का प्रतीक माना जाता है। ये गुण हैं- प्रेम, साहस, धैर्य, शांति, दया, सद्भावना, सत्य, आत्मसंयम, निष्ठा, न्याय, करुणा, त्याग, विनम्रता, विवेक, नैतिकता, सेवा, कर्तव्यपरायणता, सहिष्णुता, आत्मविश्वास, परिश्रम, समर्पण, आशा, विश्वास तथा सतत प्रगति। अशोक चक्र हमें यह संदेश देता है कि जीवन और राष्ट्र दोनों को निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। चक्र का ठहर जाना जड़ता और पतन का संकेत है, जबकि उसकी गति विकास और उन्नति का प्रतीक है। यह हमें धर्म, न्याय और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अशोक चक्र की चौबीस तीलियां भारत की नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का भी प्रतीक मानी जाती हैं। उल्लेखनीय है कि अशोक चक्र को सारनाथ स्थित सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से लिया गया है।राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 निर्धारित किया गया है, जिसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण के लिए केवल खादी कपड़ा अनिवार्य था, हालांकि बाद में नियमों में कुछ परिवर्तन किए गए। वर्ष 2002 में ध्वज संहिता में संशोधन के बाद भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखते हुए वर्ष के किसी भी दिन तिरंगा फहराने का अधिकार प्राप्त हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज का स्वरूप पिंगली वेंकैया द्वारा प्रस्तावित ध्वज के आधार पर विकसित किया गया था। प्रारंभिक ध्वज में चरखा अंकित था, जिसे बाद में अशोक चक्र से प्रतिस्थापित किया गया। संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकृत किए जाने के बाद 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में पहली बार इसी तिरंगे को आधिकारिक रूप से फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में तिरंगे के प्रति सम्मान और गौरव की भावना विकसित करना है। यह दिवस हमें स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों और बलिदानों का स्मरण कराता है, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत बनाता है तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। साथ ही यह राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय प्रतीकों और ध्वज संहिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी अवसर है। वास्तव में तिरंगा केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, एकता, लोकतंत्र और करोड़ों देशवासियों की आकांक्षाओं का जीवंत प्रतीक है। यह हमें विविधता में एकता, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा देश की प्रगति और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना का स्मरण नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव, एकता, कर्तव्यबोध और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर भी है। यह दिवस हमें स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

### परिवर्तन योजना से भरतपुर में स्वच्छ परिवहन की नई पहल

# जिला कलक्टर ने वाहन संचालकों से योजना का लाभ उठाकर प्रदूषण नियंत्रण में भागीदार बनने का किया आह्वान

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ सुरक्षित एवं आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार.प्रसार को लेकर मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निजी बस एवं ट्रक संचालकों बाल वाहिनी संचालकों तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों प्रोत्साहनों एवं पंजीयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एनसीआर क्षेत्र में वाहन जनित प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से परिवर्तन योजना लागू की गई है। योजना के तहत बीएस-4 एवं उससे पुराने मानकों वाले ट्रकों एवं बसों के स्थान पर बीएस-6 सीएनजी अथवा इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए आकर्षक वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। पुराने प्रदूषणकारी वाहनों के स्थान पर आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल वाहनों को अपनाकर स्वच्छ हवा और बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र वाहन स्वामी अपने साथियों एवं परिचितों को भी योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोडें ताकि भरतपुर जिले में वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और आने वाली पीढियों को स्व%छ वातावरण मिल सके। एडीएम सिटी राहुल सैनी ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के निजी एवं उ%च शैक्षणिक संस्थानों तथा बाल वाहिनी संचालकों के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि अधिकाधिक स्कूल इस योजना से जुड सकें।

बैठक में एआरटीओ अभय मुदगल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र गोपालिया प्राचार्य विक्रांत राहुल नीरज कुमार ओमप्रकाश दीपक महेन्द्र शर्मा सहित निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि बस संचालक एवं ट्रक संचालक उपस्थित रहे।




### विद्यालयों में गूंजा ड्रग्स को ना कहें अपने सपनों को हाँ कहें संदेश

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, कानूनी अधिकार एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान रा%य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में संचालित ट्रांसफ ॉर्मेटिव ट्यू%डे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर द्वारा जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ड्रग्स को ना कहें अपने सपनों को हाँ कहें। ड्रग्स लेना उपयुक्त नहीं अपने दिमाग शरीर और भविष्य की रक्षा करें। विषय पर जागरूक करना रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश बलजीत सिंह के मार्गदर्शन में तथा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 30 से 60 मिनट की अवधि के विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा के साथ.साथ विधिक ज्ञान एवं समसामयिक कानूनी विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नवीन कुमार किलानियां द्वारा एक स्कूल में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को नशे की लत उसके दुष्परिणाम स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभाव तथा इससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन अपनाने और अपने उगवल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग कानून पोक्सो अधिनियम नालसा की विभिन्न योजनाएँ घरेलू हिंसा से संरक्षण नि:शुल्क विधिक सहायता कानूनी प्रक्रिया बाल विवाह के दुष्परिणाम राजस्थान पीडित प्रतिकर योजना ट्रैफिक नियमों का पालन बिना लाइसेंस वाहन न चलाने सहित महत्वपूर्ण विधिक विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं राष्ट्रीय विधिक सहायता टोल.फ्री हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी अवगत कराया गया।

# महिला आरक्षण में एससी, एसटी व ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने की मांग

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में महिला आरक्षण में ओबीसी एससी एवं एसटी महिलाओं की उचित और सुनिश्चित भागीदारी की मांग को लेकर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षों जिला अध्यक्षों एवं उनकी टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वेता यादव भी शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन एवं संविधान की शपथ के साथ हुई। महिला कांग्रेस की नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सामाजिक न्याय समान अधिकार और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस दौरान महिला आरक्षण में ओबीसी एससी एवं एसटी वर्ग की महिलाओं को उनका अधिकार देने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई। इसके पश्चात महिला कांग्रेस की पदाधिकारी संसद के घेराव की ओर मार्च के लिए रवाना हुईं लेकिन रास्ते में पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। महिला कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया और महिला अधिकारों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हुई। डीग महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वेता यादव ने कहा कि देशभर से आई महिलाओं ने एक स्वर में संकल्प लिया है कि महिला आरक्षण में ओबीसी एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं की उपेक्षा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण तभी सार्थक होगा जब उसमें समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को समान और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिलेगा।




# एक नजर

## बंटी मीणा की पुण्यतिथि पर गौशाला में भव्य आयोजन, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्वर्गीय बंटी मीणा की द्वितीय पुण्यतिथि पर कानोता एवं हिंगोनिया गौशाला में बंटी मीणा गौसेवा समिति के तत्वावधान में भव्य गौसेवा महाआयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से हजारों गौभक्त, संत-महात्मा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। आयोजन का मुख्य आकर्षण हेलीकॉप्टर से हजारों गौमाताओं पर पुष्पवर्षा रही, जिससे पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। संत प्रकाश दास जी महाराज ने भक्ति संध्या में गौसंरक्षण और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। गौमाताओं को हरा चारा, गुड़, खल और पौष्टिक आहार खिलाया गया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। समिति अध्यक्ष जितेंद्र मीणा ने कहा कि यह आयोजन बंटी मीणा के गौसेवा और समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प है। आयोजन में सेवा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## जयपुर ज्वेलरी शो (जेजेएस) को मिला नया नेतृत्व राजीव जैन सर्वसम्मति से बने चेयरमैन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर ज्वेलरी शो (जेजेएस) की आयोजन समिति ने सर्वसम्मति से राजीव जैन को जयपुर ज्वेलरी शो (जेजेएस) का चेयरमैन निर्वाचित किया है।रत्न एवं आभूषण उद्योग के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व राजीव जैन ने इस क्षेत्र में दशकों तक उल्लेखनीय सेवाएँ प्रदान की हैं तथा अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनके द्वारा संभाले गए प्रमुख पदों में जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित, के पूर्व चेयरमैन; कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), राजस्थान के चेयरमैन; म्यूज़ियम ऑफ जेम्स एंड ज्वेलरी, जयपुर के संस्थापक चेयरमैन तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जेम्स एंड ज्वेलरी जयपुर के पूर्व चेयरमैन शामिल हैं। राजीव जैन, विमलचंद सुराणा का स्थान लेंगे, जिन्होंने पिछले 19 वर्षों तक जयपुर ज्वेलरी शो का सफल नेतृत्व किया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व, समर्पण एवं अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप जयपुर ज्वेलरी शो आज देश के सबसे प्रतिष्ठित एवं सफल रत्न एवं आभूषण आयोजनों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।आयोजन समिति ने विमलचंद सुराणा के विशिष्ट नेतृत्व, उत्कृष्ट सेवाओं तथा जयपुर ज्वेलरी शो के विकास एवं विस्तार में उनके अमूल्य योगदान के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से जयपुर ज्वेलरी शो का संरक्षक (पैट्रन) मनोनीत किया है।

## ट्रांसफ़ॉर्मेटिव ट्यूसडे अभियान के तहत् विद्यार्थियों को दी नशे से दूर रहने की जानकारी

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीग द्वारा ट्रांसफ़ॉर्मेटिव ट्यूसडे अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविरों का गरिमामय आयोजन किया गया। इस माह के तीसरे मंगलवार को आयोजित इन शिविरों की मुख्य थीम नशे को ना कहो अपने सपनों को हाँ कहो नशा कोई स्टाइल नहीं है अपने मन शरीर और भविष्य की रक्षा करो रही। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल डीग जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमराज गौड़ तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम किशन शर्मा के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए जीवन में एक नई दिशा चुनने का संदेश दिया और अपने मन शरीर एवं भविष्य की रक्षा करने का आह्वान किया इस मौके पर लीगल डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफराजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। मजिस्ट्रेट जेजेबी बोर्ड कुसुम मीणा द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय दिदावली में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान ब%चों को नशे से दूर रहने एवं इसके दुष्परिणामों के संबंध में विस्तार से बेहतर और उपयोगी जानकारी दी गई। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सरोज मीणा की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अपने उगवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर लीगल डिफेंस काउंसिल के चीफविनोद कुमार शर्मा उपस्थित रहे।



## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने टाउन हॉल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के दिए निर्देश

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को टाउन हॉल के समुचित प्रबंधन एवं आवश्यक संसाधनों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि टाउन हॉल परिसर में शौचालय, भवन, कमरों सहित अन्य आवश्यक संरचनाओं की मरम्मत आदि कार्य करवाएं जाएं। साथ ही साफ-सफाई, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन एवं कमरों की मरम्मत, शौचालयों की स्थिति एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## 12.09 करोड़ की ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग ठगी का खुलासा, मुंबई से महिला निदेशक गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान स्टेट साइबर क्राइम थाना पुलिस ने 12.09 करोड़ रुपये की ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गोल्डन लीजेंड लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड की निदेशक दिव्या सिंह कुशवाहा को मुंबई से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी गोल्ड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म www.kdeone-gold.net पर भारी मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया और विभिन्न बैंक व वर्चुअल खातों में करोड़ों रुपये जमा करवा लिए।

जांच में सामने आया कि फर्जी गोल्ड ट्रेडिंग के लिए इस्तेमाल किए गए वर्चुअल मर्चेंट खातों के संचालन में कंपनी की अहम भूमिका थी।

ऑनबोर्डिंग, केवाईसी, ड्यू डिलिजेंस और फ्रॉड मॉनिटरिंग में गंभीर अनियमितताएं भी मिली हैं। पुलिस ने आरोपी का पांच दिन का रिमांड लेकर मनी ट्रेल, डिजिटल साक्ष्यों और गिरोह के अन्य सदस्यों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। मुख्य आरोपी जयंता रॉय सहित अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस ने लोगों से केवल विश्वसनीय निवेश प्लेटफॉर्म का उपयोग करने और किसी भी साइबर धोखाधड़ी की सूचना तुरंत हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर देने की अपील की है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने की जनसुनवाई

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस महानिरीक्षक डॉ प्रीति चंद्रा ने मंगलवार को लक्ष्मण मंदिर स्थित शहर कोतवाली पहुंचकर थाने में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने सर्किल क्षेत्र के परिवादियों की समस्या सुनी और मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को कार्रवाई करते के दिशा.निर्देश दिए तथा आईजी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान जैसे ही आईजी डॉ प्रीति चंद्रा डीग शहर कोतवाली पहुंची जहां पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। आईजी चन्द्रा ने जनसुनवाई करते हुए कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना था। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आईजी ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। आईजी प्रीति चंद्रा ने कहा कि साइबर क्राइम पर पूरी नजर रखी जाएगी और महिलाओं व ब%चों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। अपराध रोकने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार की जाएगी सबसे %यादा परिवेदना कुम्हेर थाना क्षेत्र की रही। आईजी प्रीति चंद्रा ने जनसुनवाई के बाद शहर कोतवाली थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक ली।



# अलवर में कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला, पेपर लीक, चुनाव और युवाओं के मुद्दों पर घेरा

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर में आयोजित कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। जितेंद्र सिंह ने पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों में देरी, ओबीसी आरक्षण, पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव टाल रही है क्योंकि उसे हार का डर है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था। टीकाराम जूली ने कहा कि पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है और दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस की तैयारियों का दावा करते हुए कहा कि जनता भाजपा को जवाब देगी।

बैठक में दोनों नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का संदेश दिया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि अब पार्टी में पद योग्यता, मेहनत और जनसंपर्क के आधार पर मिलेंगे, न कि सिफारिश से। वहीं जूली ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, गुटबाजी खत्म करने और जनता के मुद्दों पर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करेगी और कार्यकर्ताओं को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया।



**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

CIN: L65922RJ1999PLC015440

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)

दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए ''मांग पत्र'' जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे सांकेतिक कब्ज़ा पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चों, अन्य खर्चों आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा।अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000023324<br>श्री रमेश चन्द सैनी पुत्र श्री लल्लू प्रसाद (ऋणी)<br>श्रीमती जानती देवी पत्नी श्री रमेश चन्द सैनी (सह- ऋणी-1)<br>श्री संतोष शर्मा पुत्र श्री घनश्याम (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मार्च 07, 2026<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- जुलाई 16, 2026<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 9,54,490/- रुपये नौ लाख चौवन हज़ार चार सौ नब्बे मात्र दिनांक मार्च 07, 2026 तक एवं मार्च 08, 2026 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री रमेश चन्द सैनी पुत्र श्री लल्लू प्रसाद की सम्पति प्लाट सं.-04, स्कीम नेहरु कॉलोनी, खसरा सं.-928, ग्राम-लालसोट, तहसील-लालसोट, जिला-दौसा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 127.65. वर्ग गज है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- प्लाट सं.- 05, पश्चिम- प्लाट सं.- 03, उत्तर- फूटपाथ 40 फीट के बाद 10 फीट चोडी, दक्षिण-प्लाट स.- 01 और 02 |
| 2. | HLR00000000022770<br>श्री अमर सिंह मीणा पुत्र श्री रामकिशोर मीणा (ऋणी)<br>श्री रामकिशोर मीणा पुत्र श्री तुन्दा राम मीणा (सह- ऋणी-1)<br>श्रीमती लक्ष्मी मीणा पत्नी अमरसिंह मीणा (सह- ऋणी-2)<br>श्रीमती हरप्यारी मीणा पत्नी रामकिशोर मीणा (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मार्च 07, 2026<br>2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- जुलाई 16, 2026<br>3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 9,54,490/- रुपये नौ लाख चौवन हज़ार चार सौ नब्बे मात्र दिनांक मार्च 07, 2026 तक एवं मार्च 08, 2026 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | **प्रोपर्टी- 1**<br>श्री अमर सिंह मीणा पुत्र श्री रामकिशोर मीणा की सम्पति रिहायशी प्रॉपर्टी: पट्टा नंबर-5, बुक नंबर-17, मिसल नं. -04, संकल्प नं.-03, खसरा नं.-3606/3605, गाँव-संथा, तहसील-महुआ, जिला-दौसा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 186.66 वर्ग गज है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-कमलेश मीणा का खेत, उत्तर-रामकिशोर मीणा की खेती की ज़मीन, दक्षिण-रामकिशोर मीणा का घर।<br>**प्रोपर्टी- 2**<br>श्री रामकिशोर मीणा पुत्र श्री तुन्दा राम मीणा की सम्पति रिहायशी प्रॉपर्टी: पट्टा नंबर-2, बुक नंबर-47, मिसल नं. -02, संकल्प नं.-03, खसरा नं.-3606/3605, गाँव-संथा, तहसील-महुआ, जिला-दौसा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 186.66 वर्ग गज है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-जगन मीणा की कृषि भूमि, उत्तर-अमर सिंह मीणा का घर, दक्षिण- अरविंद मीणा का खेत |

स्थान-राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 22/07/2026

**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# नीट पेपर लीक और विभिन्न मुद्दों को लेकर नंगली सर्किल पर फूंका गया पीएम मोदी का पुतला

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से नीट पेपर लीक, महंगाई और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नंगली सर्किल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि देशभर में नीट परीक्षा का पेपर लीक होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इसके अलावा बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को कुचल रही है। नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में धांधली से लाखों मेहनती छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया है। इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। आज का पुतला दहन उसी जनाक्रोश का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल एक दिन का नहीं है। अगर सरकार ने नीट पेपर लीक मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की और छात्रों को न्याय नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने सांसद कुलदीप इंदौरा के निवास पर की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को सांसद कुलदीप इंदौरा के जयपुर स्थित आवास पहुंचे, जहां परिवारजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान गहलोत ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरालाल इंदौरा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने हीरालाल इंदौरा के लंबे सार्वजनिक जीवन, संगठन के प्रति निष्ठा और जनसेवा में दिए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। सांसद कुलदीप इंदौरा ने गहलोत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता के प्रति दिखाया गया सम्मान पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# प्रबुद्ध जन स्वास्थ्य संगोष्ठी सम्पन्न



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** आरोग्य भारती दौसा द्वारा प्रबुद्धजन स्वास्थ्य संगोष्ठी गुप्तनाथ सूरज पैलेस पर सम्पन्न हुयी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आरोग्य भारती, संजीवन कुमार राजस्थान और उत्तर क्षेत्र संयोजक, मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र वर्मा प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, दौसा, अध्यक्षता डॉ. रतन तिवाड़ी के द्वारा सर्वप्रथम भगवान धन्वन्तरि व भारत माता के समक्ष पुष्पमाला व दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ हुआ ।कार्यक्रम के प्रारम्भ में आरोग्यभारती के प्रांतीय सचिव डॉ. श्रीराम तिवाड़ी के द्वारा धन्वन्तरि स्तवन व अतिथियों का परिचय करवाया गया। संजीवन कुमार जी ने आरोग्य भारती के परिचय पर व पूरे भारत वर्ष में आरोग्य भारती द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने स्वस्थ व्यक्ति स्वस्थ कैसे रह सकता है, उसके लिए आहार, विहार, दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया । और फास्टफुड जैसे बर्गर पिज्जा कुरकुरे जैसी खाने पीने की चीजों का परहेज रखने के लिए संकल्प दिलाया। आरोग्य भारती के जिला संयोजक वैद्य विनोद कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में आये हुये सभी प्रबुद्धजनों मातृशक्ति, युवा वर्ग का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन वैद्य राजेश गौत्तम द्वारा किया गया। वैद्य श्यामसुन्दर शर्मा, वैद्य ओमप्रकाश चतुर्वेदी, मुरारी लाल मालगवास वैद्य रामबाबू शर्मा, वैद्य सुरेश चन्द्र जांगिड़, डॉ. विनय शर्मा, वैद्य नरेन्द्र गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार मीना, मनीष लाटा, महेश चन्द्र शर्मा, मदन लाल शर्मा, नन्दलाल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*चैतन्य टेक्नो स्कूल, बीकानेर में छात्र क्लबों का भव्य शुभारंभ*

# अच्छी शिक्षा आपको काम दिला सकती पर सफलता के लिए अच्छे संस्कार, बहुमुखी प्रतिभा आवश्यकः डॉ. गुप्ता

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** घड़सीसर स्तिथ चैतन्य टेक्नो स्कूल, बीकानेर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न छात्र क्लबों का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अर्पिता गुप्ता, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता रहीं। डॉ. गुप्ता शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं तथा जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर समाज में प्रेरणादायी योगदान दे रही हैं। अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. अर्पिता गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा कि क्लब गतिविधियाँ केवल सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग, नवाचार तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने और क्लबों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से अपनी प्रतिभा को नई दिशा देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चैतन्य समूह के सेंट्रल ऑफिस से जोनल कोऑर्डिनेटर सुवंशिता पारीक भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को क्लब गतिविधियों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व कौशल, प्रभावी संवाद क्षमता एवं आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय की प्रधानाचार्या मिनाशर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र क्लब विद्यार्थियों के समग्र विकास की आधारशिला हैं।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न छात्र द्वारा क्लबों के उद्देश्य, वार्षिक कार्ययोजना एवं वर्षभर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। मुख्य अतिथि डॉ.



अर्पिता गुप्ता, जोनल कोऑर्डिनेटर सुवंशिता पारीक तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाशर्मा ने सभी पदाधिकारियों को बैज अलंकृत कर उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने एवं क्लब गतिविधियों का सफल संचालन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। निम्नलिखित क्लब इंचार्ज व कैप्टन चयनित किए गए क्रिएटिव प्रोडिजिज पूजा शर्मा, हेमावर्मा अंबर माइंड राधा कनोजिया, ईशानवी माइटी मिलिटेंट्स कुमकुम गौड़, अवरीन, यंग ऑरेटर चेतना भादा ,जानवी मंगलाव ,विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र क्लब विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को नई पहचान देंगे तथा उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नेतृत्व, नवाचार, जीवनोपयोगी कौशल और सामाजिक मूल्यों से समृद्ध कर एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की दिशा में सशक्त मंच प्रदान करेंगे।

# जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया ग्राम सेवा शिविर फॉलोअप कैंप का निरीक्षण



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने मंगलवार को बदरासर और जालवाली ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविरों के फॉलोअप कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को शिविरों में समय पर उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। पांडे ने कहा कि ग्राम सेवा शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए बिजली कनेक्शन, मीटर परिवर्तन तथा अन्य लंबित विद्युत संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वहीं बदरासर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त हॉल एवं कक्ष निर्माण की स्थानीय मांग पर उन्होंने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व, अनुशासन और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित स्वच्छता अभियान की भी समीक्षा की और ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा जनभागीदारी के माध्यम से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति जनजागृति अभियान के तहत ली शपथ

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के विधालय-स्कूल, बाजार, गांव और खेल के मैदान नशे से मुक्त हो जनजागृति अभियान के तहत जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह सहित सर्व समाज मित्र एकता सेवा समिति के पदाधिकारियों ने थाने में ली शपथ। जिसमें संरक्षक सुनील दत्त नागल,राजकुमार जीनगर, रामकिशोर यादव, सैय्यद अख्तर, के. कुमार. आहूजा, एडवोकेट खेमेन्द्र जीनगर, देवेश भाटी, रामकिशन (महाराज)उपाध्याय, विजय शंकर गहलोत, दिलीप गुप्ता सहित थाने के पुलिस कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र के सभी आमजनों से नशे से दूर रहने, दूसरों को जागरूक करने एवं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम आयोजक सर्व समाज मित्र एकता सेवा समिति के संरक्षक सुनील दत्त नागल ने बताया कि ऐसे जागरूकता के कार्यक्रम में हमारी संस्था द्वारा समय-समय पर शहर के सभी थानों, नुक्कड़, मार्गों पर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता



सुनिश्चित करना है। करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी ने नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने की सामूहिक शपथ ली। बीजेपी नेता राजकुमार जीनगर ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रकार के नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं । साथ ही उन्हें नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई, ताकि समाज को सुरक्षित एवं नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा सके। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में मंगलवार को सुनील दत्त नागल ने दी।

## दौसा परिवहन कार्यालय में यात्रियों का हंगामा मॉडिफाइड बस जब्त होने पर घंटों फंसी रहीं सवारियां

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा स्थित परिवहन विभाग कार्यालय में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली एक मॉडिफाइड वीडियो कोच बस को परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया। बस के जब्त होते ही उसमें सवार यात्रियों को नीचे उतार दिया गया, जिसके बाद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग समेत सभी यात्री करीब तीन से चार घंटे तक परिवहन कार्यालय परिसर में परेशान होते रहे।यात्रियों ने परिवहन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि बस मालिक की लापरवाही की सजा उन्हें भुगतनी पड़ रही है। उनका कहना था कि यदि बस जब्त की गई है तो विभाग को दूसरी बस की व्यवस्था कर उन्हें उनके गंतव्य तक भेजना चाहिए या फिर बस पर नियमानुसार कार्रवाई कर उसे रवाना करना चाहिए।वहीं परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकार के निर्देश पर मॉडिफाइड वीडियो कोच बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान जिन बसों में आपातकालीन निकास (एग्जिट गेट), अग्निशमन यंत्र तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण नहीं मिल रहे हैं, उन्हें जब्त किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।हालांकि इस कार्रवाई के बीच घंटों तक फंसे यात्रियों की परेशानी ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले बस मालिकों पर कार्रवाई के साथ-साथ निर्दोष यात्रियों को तत्काल वैकल्पिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी किसकी है।

## दो माह से फरार छह आरोपी गिरफ्तार, मारपीट मामले में सैंथल थाना पुलिस की कार्रवाई

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** सैंथल थाना पुलिस ने करीब दो माह से फरार चल रहे मारपीट के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित (आईपीएस) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल और वृत्ताधिकारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा के सुपरविजन में थाना प्रभारी रजत खींची के नेतृत्व में की गई।पुलिस के अनुसार, 24 मई 2026 की रात बासड़ी कला निवासी विश्वास कुमार मीणा अपने रिश्तेदार की शादी से लौट रहे थे। इसी दौरान रामपुरा के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में परिवादी के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं तथा उनकी मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ की गई। इस संबंध में सैंथल थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे।

*24 जुलाई को पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2026 आयोजित होगी*

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2026 का आयोजन 24 जुलाई, 2026 (शुक्रवार) को प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। जिले में परीक्षा के लिए कुल 84 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 51 राजकीय तथा 33 निजी परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। परीक्षा में कुल 26,427 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इनमें 12,854 अभ्यर्थी राजकीय तथा 13,573 अभ्यर्थी निजी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा के जिला समन्वयक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर-पूर्व) नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने से दो घंटे पूर्व अर्थात प्रात: 9:00 बजे से परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

## पंचायत व निकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आरक्षण के प्रावधान की मांग नवलगढ़ एसडीएम को दिया ज्ञापन

**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** ईडब्ल्यूएस वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा व प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम नवलगढ़ एसडीएम को ज्ञापन दिया गया।विप्र फाउंडेशन के जिला संरक्षक शंकरलाल शर्मा डूंडलोद के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया कि संविधान के 103 वें संशोधन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। परंतु व्यावहारिक स्तर पर इस वर्ग को अभी भी अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।ज्ञापन में इस वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में निश्चित आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की गई,ताकि इस वर्ग का राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रभावी भागीदारी निश्चित हो सके।इसके अलावा ज्ञापन में राज्यस्तरीय ईडब्ल्यूएस अधिकार संरक्षण आयोग का गठन करने की भी मांग की गई।

# सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन द्वारा हथियार गिराने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, तीनों मुख्य हैंडलर के सीधे संपर्क में थे

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे खाजूवाला क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए अवैध हथियार गिराने के मामले में बीकानेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस संगठित तस्करी सिंडिकेट से जुड़े तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर सीमा पार संचालित हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। आरोपियों का सीधा संपर्क मुख्य हैंडलर सोनू उर्फ सुखविंदर से था, जो उन्हें ड्रोन से गिराए गए हथियारों की खेप उठाने के लिए सटीक लोकेशन और निर्देश उपलब्ध कराता था। पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश तथा जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में पुलिस थाना खाजूवाला में दर्ज अभियोग संख्या 69-2026 की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक अनुष्ठा कालिया द्वारा की जा रही है। यह मामला पिछली 27 फरवरी को पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार गिराए जाने के बाद दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी मुखविंद्र सिंह उर्फ मोनू को पिछली नौ मई 2026 को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में है। **पंजाब और मोहाली से दबोचे गए आरोपी** जांच के दौरान पुलिस ने करण सिंह को पंजाब के जलालाबाद तथा गुरकीरत सिंह को मोहाली से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी मुख्य हैंडलर सोनू उर्फ सुखविंदर के निर्देश पर 'फुट सोल्जर्स के रूप में काम करते थे। इनका काम ड्रोन से सीमा क्षेत्र में गिराए गए हथियारों के पेलोड को तय स्थान से उठाकर आगे नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचाना था। जांच में यह भी सामने आया कि करण सिंह की मुलाकात सोनू उर्फ सुखविंदर से फरीदकोट जेल में हुई थी, जबकि गुरकीरत सिंह का संपर्क अपने ससुराल के जरिए श्रीगंगानगर के घड़साना क्षेत्र में स्थापित हुआ था। दोनों को ड्रोन से गिराए गए पेलोड की सटीक जीपीएस लोकेशन उपलब्ध कराई जाती थी, ताकि वे बिना किसी चूक के खेप उठा सकें।

**सिंडिकेट के रिश्तेदार की भी भूमिका आई सामने** अनुसंधान के दौरान मुख्य हैंडलर सोनू उर्फ सुखविंदर के रिश्तेदार अवतार सिंह की भूमिका भी सामने आई। पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ कर रही है। उसके अन्य संपर्कों और पूरे नेटवर्क में उसकी भूमिका की जांच जारी है। **आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया** पुलिस जांच में गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। आरोपी करण सिंह के



खिलाफ पंजाब में एनडीपीएस एक्ट के दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं गुरकीरत सिंह भी पूर्व में ड्रोन ड्रॉपिंग की घटनाओं में शामिल रह चुका है, हालांकि उसके आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन अभी जारी है।

अवतार सिंह के खिलाफ श्रीगंगानगर जिले में एनडीपीएस एक्ट सहित चोरी और विद्युत अधिनियम के मामले दर्ज हैं। **सीमा पार तस्करी नेटवर्क को लगा बड़ा झटका** पुलिस का कहना है कि चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही पाकिस्तान से संचालित हथियार तस्करी सिंडिकेट का बड़ा हिस्सा उजागर हुआ है। इस कार्रवाई से देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए खतरा बनने वाली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। फिलहाल पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों और उनकी भूमिका की गहन जांच कर रही है। **इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार** पुलिस ने करण सिंह (27), निवासी सुखेरा बोदला, जिला फाजिल्का, पंजाब, गुरकीरत सिंह (33), निवासी सीड फार्म पक्का, जिला फाजिल्का, पंजाब व अवतार सिंह (28), निवासी घड़साना, जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया है। **इन अधिकारियों व कर्मचारियों की रही अहम भूमिका** इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक अनुष्ठा कालिया ने किया। टीम में एएसआई पेमा राम, बाबूलाल यादव, जगदीश कुमार, महावीर सिंह तथा हरफूल सहित डीएसटी और खाजूवाला पुलिस के जवान शामिल रहे। आरोपी करण सिंह और गुरकीरत सिंह की गिरफ्तारी में विशेष रूप से एएसआई बाबूलाल यादव, एएसआई महावीर सिंह तथा कांस्टेबल हरफूल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


# कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, बाड़मेर

ई-मेल-adpcsmsabarmer@gmail.com

क्रमांकः अति.जिपस/बाड़मेर/2026-27/04 दिनांक : 20.07.2026

## ई-निविदा सूचना संख्या-04/2026-27

श्रीमान् निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर व राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर से प्राप्त स्वीकृतियों के अनुसार जिला बाड़मेर व बालोतरा के 29 पीएमश्री विद्यालयों में मानव संसाधन आपूर्ति हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB :- RSE2627A0319 UBN No. :- RSE2627SLOB00836

अति. जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, बाड़मेर

# राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर ने किया डीईओ सैनी का अभिनंदन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के जिलाध्यक्ष राकेश किलानिया, जिला मंत्री भगवान सिंह दायमा व प्रांतीय उपाध्यक्ष मानसिंह मेहरा के नेतृत्व में सोमवार शाम को नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सज्जन सिंह सैनी का मार्ल्यापण कर व साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

इस दौरान डीईओ ने संघ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। जिलाध्यक्ष राकेश किलानिया ने बताया कि आज राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के बैनर तले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों की विभिन्न मांगों यथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों के सम्बन्ध में तथा कुछ शिक्षकों के कार्यालय स्तर पर लंबित कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान डीईओ सैनी ने परिवेदनाओं के संबंध में शीघ्र ही उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मानसिंह मेहरा ने बताया कि जिलेभर के शिक्षकों के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित कार्यों हेतु संगठन हमेशा पुरजोर आवाज उठाता आया है तथा संगठन सदैव शिक्षक साथियों की समस्याओं के समाधान हेतु संघर्षरत है। डीईओ ने आश्वस्त किया कि कार्यालय में शिक्षक साथियों की समस्याओं के समाधान में शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इस अवसर पर ओमप्रकाश बारूपाल, रिछपाल सिंह, सांवताराम बरोड़, इंद्राज माहिच, रघुवीर सिंह, धनराज बुंदेला, जैसाराम कंवल, जगदीश खेड़ीवाल, पूनम, किरण, अशोक आलडिया, बाबूलाल पड़िहार, डॉ. भानीराम बरोड़, हरिराम शीला, पवन गोठवाल, विनोद मेहरा, ओमप्रकाश, शिवभगवान लखोटिया, बिशनलाल सांडेला, राकेश भामासी, श्रीचंद लखोटिया, खेताराम सांडेला, धनराज बुंदेला, सुभाष, भगवानाराम घोटड़, रिछपाल, किरण भाटी, सांवरमल बरोड़, विनोद पटीर सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।




## राहुल गांधी की राजनीति लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि छात्रों के प्रदर्शन को लेकर किया गया उनका विरोध केवल राजनीतिक नौटंकी है, जो लोकतंत्र को शर्मसार करता है। उन्होंने कहा कि जब आंदोलनकारियों की बात केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा से हो चुकी थी, तब इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं था। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के विकास और आर्थिक प्रगति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए ऐसे विवाद खड़े करती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में 17 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, युवाओं पर लाठीचार्ज हुआ और आरपीएससी की साख को भी नुकसान पहुंचा। राठौड़ ने दावा किया कि वर्तमान डबल इंजन सरकार पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को अवसर उपलब्ध करा रही है तथा देश में बेरोजगारी दर पहले की तुलना में काफी कम हुई है।

## नशामुक्ति विषयक कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रकाश में ट्रांसफार्मेटिव ट्यूजडे कानूनी सहायता और संवेदीकरण जागरूकता के अंतर्गत नशामुक्ति विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसीजेएम जांगिड़ ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर विनाशकारी प्रभाव डालता है। विद्यार्थियों को नशे जैसी कुवृत्तियों से दूर रहकर अच्छे गुणों को आत्मसात् करना चाहिए। ताल्लुका विधिक सेवा समिति के सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया ने समिति के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि अनुशासन और संस्कारमय जीवन ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। प्राचार्य विक्रम सिंह चौहान ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर व्याख्याता मधुबाला टेलर, सुबेसिंह जाखड़, गणेश शर्मा, असलम खान, चेतन सिंह, संजू रेगर, संपत मीणा, नरेंद्र कुमार मंडार, शुभकरण दायमा, सुशीला गाडगिल, पूजा इंदौरिया, उर्मिला चौधरी, विकास कालेर, पूनमशर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

# पिलानी शहीद पार्क मैं विद्या विहार नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** खेड़ला रोड वार्ड नंबर 17 ,18 में निर्मित शहीद पार्क, शक्तिपीठ दादी सती मंदिर के सामने नरेगा टीम के नेतृत्व में आज सफाई अभियान के कार्य में पेड़ पौधों के रखरखाव एवं सुंदर व्यवस्था बनाए रखने हेतु नरेगा टीम ने कार्य किया। विद्या विहार नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से यह पार्क सफाई एवं रंगा ,पुताई ,बिजली रोशनी के अभाव में बाट जोत रहा था। नगर पालिका विद्या विहार की बड़ी उदासीनता का नमूना इस क्षेत्र पर बना शौचालय ,सफाई के अभाव में देनिय स्थिति हो रही है बार-बार कहने सुनने लिखकर देने पर भी कोई पुख्ता कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में इस कार्य के प्रति बड़ा रोस है। वरिष्ठ पत्रकार कैलाशपति रुथला ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर तुरंत प्रभाव से कार्य करने का निवेदन किया गया है बीते एक वर्ष से हाई मास्क नाम मात्र की लाइट होने के नाते इस क्षेत्र में पूर्णतया अंधेरा नजर आता है। बीते दिनों में विद्या विहार नगर पालिका के द्वारा किए गए कार्य के ऊपर चिंतन मनन किया जाए तो कहीं ना कहीं कोई ना कोई बड़ी अनदेखी जानलेवा घटना हो रही है कभी प्रचार के लिए लगाए गए बोर्ड का गिरना, बिजली लाइट खंबे का गिरना, अप्रिय घटना को निमंत्रण देता है। नगर पालिका से बिट्स गेट तक साइन कालीन अवैधअतिक्रमण, तालाब राम मंदिर से गोयंका द्वारा तक सब्जी बाजार का सडक पर अवैधअतिक्रमण दुकानदारों को कोई कहने सुनने वाला ना होने के कारण सड़क के किनारे रेडिया लगने से यातायात अवरुद्ध हो जाता है। आए दिन कोई ना कोई एक्सीडेंट होता रहता है आखिर इन समस्याओं का निवारण कौन करें।

## साइबर ठगी रोकने को 'जीरो टाइम लैग' लक्ष्य, बैंकों के साथ समन्वय होगा मजबूत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने बैंकों और पुलिस के बीच त्वरित समन्वय की दिशा में अहम पहल की है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मौजूदगी में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (स्क्ष्ष्ट) की विशेष बैठक में 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत मिलते ही खातों को तत्काल होल्ड करने की व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रदेश की 190 चिन्हित बैंक शाखाओं पर एआई आधारित निगरानी लागू की जाएगी तथा संदिग्ध खातों का पुन: सत्यापन होगा। बुधवार को सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि पुलिस मुख्यालय स्थित 1930 कॉल सेंटर का दौरा करेंगे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की साइबर सुरक्षा, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव, मनी रिस्टोरेशन प्रक्रिया तेज करने और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने साइबर अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए आमजन से किसी भी ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

## 9 महीनों में ह्ज्जस्र का बड़ा एक्शन, 80 इनामी ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ह्ज्जस्र) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले 9 महीनों में 80 इनामी तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन पर कुल 21.28 लाख रुपये का इनाम घोषित था। राजस्थान सहित 8 राज्यों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में कई ऐसे तस्कर शामिल हैं जो 5 से 10 वर्षों से फरार थे। ह्ज्जस्र ने 'टॉप-25' सूची के चार बड़े तस्करों को भी दबोचा। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने चरवाहा, कंपाउंडर, लाइनमैन और मजदूर जैसे छद्म रूप अपनाकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। आईजी विकास कुमार ने बताया कि अब अगला लक्ष्य 'नार्को-25' सूची में शामिल तस्करों के नेटवर्क और संपत्तियों पर कार्रवाई करना है। पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़ी सूचना गोपनीय रूप से साझा करने की भी अपील की है।

# 'किसानों की आय दोगुनी करना दूर की कोड़ी' सांसद अमराराम ने संसद में घेरा सरकार को

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** किसानों की बदहाली और उनकी आय को लेकर मोदी सरकार एक बार फिर संसद में निशाने पर आ गई सीकर सांसद अमराराम ने लोकसभा में तारांकित प्रश्न संख्या 338 के माध्यम से केंद्र सरकार को इस कड़े सवाल से घेरा कि आखिर 'किसानों की आय दोगुनी करने' का सरकारी वादा कागजों तक ही क्यों सीमित रह गया। **सवालों की झड़ी:** सांसद अमराराम ने सरकार से पूछा कि पिछले 5 वर्षों में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए ठोस क्या कदम उठाए गए साथ ही, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद और इससे लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या का पूरा ब्योरा मांगा। उन्होंने सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि एमएसपी पर सभी फसलों की खरीद न होना ही इस बात का सबूत है कि सरकार की मंशा में खोट है। **सरकार का जवाब 30 योजनाओं का हवाला:** कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने सरकार का पक्ष रखते हुए बताया कि किसानों के कल्याण के लिए 30 विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। हालांकि, उनके जवाब में किसानों की वास्तविक आय के आंकड़ों ने सभी का ध्यान खींचा। **चौंकाने वाले आंकड़े महज 10,218 रुपये मासिक:** मंत्री ने स्वीकार किया कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 77वें चरण की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय किसान की औसत मासिक आय मात्र 10,218 रुपये है। यानी सालाना करीब 1.22 लाख रुपये। इससे भी चौंकाने वाली बात यह रही कि यदि सिर्फ खेती-किसानी से होने वाली आय को देखा जाए, तो यह आंकड़ा गिरकर महज 4,500 रुपये प्रतिमाह (सालाना 54,000 रुपये) पर आ जाता है।

## लोहे की रॉड से तोड़ा दुकान का शटर, अंदर घुसे चोरों ने गल्ले में रखी लाखों की नगदी पर हाथ साफ किया

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। परंतु चोर पकड़ने व माल बरामद करवाने की मांग को लेकर पीड़ित पुलिस थानों के चक्कर ही निकालते रह जाते है। ऐसे में पिछली सोमवार की बीती रात को श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के गांव सेरूणा में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई। यहां तेजा गार्डन के सामने स्थित खल चूरी की दुकान गणपति ट्रेडस के शटर को चोरों ने लोहे की रॉड से तोड़ा और अंदर घुस गए। ये दुकान किराए से बासी बरसिंहसर निवासी दो भाई ईसरराम व पप्पूराम जाट ने ले रखी थी। रात 2.50 मिनिट पर एक चोर अंदर घुसा व दूसरे चोर के बाहर निगरानी किए जाने का अंदेशा ग्रामीणों ने जताया है। चोर ने दुकान में रखे संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखी 1 लाख 94 हजार की नगदी चोरी कर ली। वहीं गल्ले में रखी नगदी भी चोर ले गए। दो लाख ये अधिक का नुकसान दुकानदार को हुआ है। सुबह दुकान खोलने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई व पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की वहीं एफएसएल टीम ने आकर फिंगर प्रिंट लेते हुए सबूत बटोरे। ग्रामीणों ने पुलिस से चोरों पकड़ने की कार्रवाई करने की मांग की है।

## देश हत्या दोषियो के गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीओ को ज्ञापन




**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर पुलिस उपाधीक्षक अधीन वैर थाना क्षेत्र के सुहास एवं राजगढ़ गांव निवासीयों ने पुलिस उप अधीक्षक नरेश भारद्वाज को ज्ञापन सौंप कर भुसावर थाने में दर्ज मुकदमा नंबर के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाने की मांग की है। गांव सुहास निवासी समय सिंह गुर्जर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री आराधना की शादी भुसावल थाना क्षेत्र के इटामड़ा गांव निवासी पुष्कर पुत्र जगराम के साथ मार्च 2025 में की थी इन्होंने दहेज की खातिर मेरी पुत्री की हत्या करदी। भुसावर थाने में दर्ज मुकदमा नंबर 0229/19/7/2026में कार्रवाई करने की मांग की है।

## कृष्ण पाठशाला के सामने ट्रांसफार्मर फेल, बिजली गुल एईएन का मोबाइल बंद, उपभोक्ताओं का आक्रोश

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी, स्थानीय वार्ड नंबर 14 स्थित कृष्ण पाठशाला के सामने लगे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार सुबह से ही आसपास की कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे सैकड़ों घरों, दुकानों और छोटे कारोबारियों का दैनिक कामकाज ठहर गया। आमजन को न केवल उमस भरी गर्मी में राहत नहीं मिली, बल्कि पानी की टंकियाँ भी सूख गईं, क्योंकि मोटरें नहीं चल पाईं। बच्चों के पढ़ाई, बुजुर्गों की दवा और खाने-पीने की चीज़ें तक प्रभावित हुईं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने बार-बार विद्युत विभाग के संबंधित एईएन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। इस लापरवाही ने लोगों के गुस्से को और हवा दी। 'न बिजली आने का समय पता है, न ही कोई अधिकारी फोन उठा रहा है। क्या हम पूरा दिन अंधेरे में बैठे रहें?' - यह सवाल हर घर में उठ रहा है। वहीं, समाचार तैयार होने तक विभाग की ओर से कोई आधिकारिक सफाई या मरम्मत का समय नहीं बताया गया। उपभोक्ताओं ने जिला मुख्यालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी सार्वजनिक सेवा के लिए 24म7 उपलब्ध रहें, न कि आमजन की मुसीबत के वक्त गायब हो जाएँ।

# बयाना कोतवाली परिसर में सीएलजी मीटिंग सम्पन्न रक्षाबंधन पर हेलमेट उपहार देने का लिया संकल्प

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** कोतवाली थाना परिसर में मंगलवार शाम को एडीशनल एसपी हरिराम कुमावत की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, पुलिस-जन सहयोग और सामाजिक सौहार्द जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यों ने आगामी रक्षाबंधन पर अपनी बहनों, परिजनों, मित्रों और स्टाफ सदस्यों को हेलमेट उपहार स्वरूप देकर सुरक्षित यातायात का संदेश देने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने इसे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि रोकने की दिशा में एक प्रभावी पहल बताया।

एडीशनल एसपी हरिराम कुमावत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सीएलजी सदस्य केवल पुलिस और आमजन के बीच सेतु ही नहीं हैं, बल्कि दहेज, पारिवारिक और सामाजिक विवादों में दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहमति से समाधान कराने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने समाज में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदस्यों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। डिप्टी एसपी देवेन्द्र जाखड़ और कोतवाली थाना प्रभारी रामगिलास गुर्जर ने भी पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता से कई विवाद प्रारंभिक स्तर पर ही सुलझाए जा सकते हैं। बैठक में नगर पालिका द्वारा विधायक निधि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का मुद्दा भी उठा। जानकारी दी गई कि स्थापित कैमरों में से केवल पांच ही वर्तमान में संचालित हैं। इस पर अधिकारियों ने चिंता व्यक्त करते हुए शेष कैमरों को जल्द चालू कराने तथा लोगों को अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इसके साथ ही, बाइक के साइलेंसर में अवैध बदलाव कर पटाखों जैसी आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसे वाहन ध्वनि प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते हैं।

*विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधा व शैक्षणिक गुणवत्ता का रखें ध्यान*

## एसडीएम ने राउमावि कटारा का निरीक्षण कर दिए निर्देश, विद्यार्थियों से किया संवाद




**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** एसडीएम सचिन यादव ने मंगलवार को नदबई क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटारा के स्व. सुखराम राउमावि विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। वहीं, विद्यार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जागरुक करते हुए लाभान्वित होने को कहा। इससे पहले एसडीएम ने पीएममें संचालित ब्यूटी एवं बेलनेस लैब, डिजीटल पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, संविधान कक्ष सहित विभागीय रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। वहीं, विद्यालय में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता रखने की सख्त हिदायत दी। बाद में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शैक्षणिक स्तर को लेकर चर्चा की। वहीं, बालिकाओं को निर्भीक होकर अध्ययन करने व जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने का आह्वान किया। इस दौरान प्रधानाचार्य शमसुद्दीन चिड्डा, एसीबीईओ हजारीलाल शर्मा, उपप्राचार्य गजेन्द्र सिंह, नन्दकिशोर शर्मा, सुरेश अग्रवाल, राजीव गोयल, वीरेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवा संबल मेले में 283 युवाओं का प्रारंभिक चयन, जिला कलक्टर ने किया प्रेरित

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित मातुकमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित युवा संबल मेला-2026 का उद्घाटन जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। उन्होंने युवाओं से अपनी योग्यता के अनुरूप कौशल विकसित करने, स्वरोजगार अपनाने और नए विचारों पर काम करने का आह्वान किया। मेले में 27 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। कुल 727 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 541 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया और 283 का प्रारंभिक चयन हुआ। जिला कलक्टर ने विभिन्न कंपनियों के स्टॉल का निरीक्षण कर चयनित युवाओं का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने युवाओं से रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

*न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को दी नसीहत, कानून का पढ़ाया पाठ*

# ट्रांसफॉरमेटिव ट्यूजडे अभियान में दो अलग-अलग विद्यालय में संगोष्ठी आयोजन

**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** ट्रांसफॉरमेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को विधिक शिविर का आयोजन हुआ। कस्बा स्थित केवीएम विद्यालय में एसीजेएम इन्द्रप्रकाश सैन ने विद्यार्थियों को नशे की लत से हो रहे दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। वहीं, वाहन संचालन में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने को कहा।

इस दौरान डॉ हिमांशु कटारा, डॉ राहुल कटारा मौजूद रहे। गुरुकुल सीनियर विद्यालय में एडीजे आशुतोष गोसिन्हा ने बाल विवाह को कानूनी अपराध बताते हुए विद्यार्थियों को जागरुक किया। वहीं, नालसा स्कीम, पीड़ित प्रतिकार स्कीम, यातयात नियम सहित अन्य कानून के बारे में बताया। बाद में सायबर ठगी से बचाव को लेकर मोबाइल का सदुपयोग करने व वाहन संचालन में नियमों की पालना करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान प्रबंधक प्रदीप उपाध्याय मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना)की आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी से प्रदेशवासियों को बड़ी राहत

कर्नाटक और तमिलनाडू के अलावा सभी राज्यों में सुविधा उपलब्ध

# प्रदेश के पात्र परिवार देश के विभिन्न राज्यों में भी 25 लाख रुपये तक का कैशलेस निःशुल्क उपचार करा सकेंगे



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा योजना) योजना के तहत प्रदेश के पात्र परिवारों को अब राज्य से बाहर भी बेहतर एवं कैशलेस निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई

### 6 माह में प्रदेश के 30 हज़ार से अधिक लोगों ने अन्य राज्यों में 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज कराया

आउटबाउंड इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के माध्यम से पात्र लाभार्थी देश के विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबद्ध अस्पतालों में 25 लाख रुपये तक का कैशलेस निःशुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

6 माह में प्रदेश के 30 हज़ार से अधिक लोगों ने अन्य राज्यों के अस्पतालों में 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करवाया है । मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के समन्वय से संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के 1.36 करोड़ पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 25 लाख रुपये तक का कैशलेस निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना में 2,179 उपचार पैकेज शामिल हैं, जिनमें सामान्य बीमारियों के साथ-साथ कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार भी सम्मिलित है।

**कर्नाटक और तमिलनाड के अलावा सभी राज्यों में सुविधा उपलब्ध** पूर्व में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए प्रदेश के मरीजों को गुजरात, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में जाकर उपचार कराना पड़ता था, जिससे उन्हें आर्थिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने 15 दिसंबर 2025 से आउटबाउंड इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू की, जिसके बाद पात्र परिवार देश के अन्य राज्यों में स्थित पीएमजेएवाई से संबद्ध अस्पतालों में भी कैशलेस उपचार का लाभ उठा रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र परिवारों के साथ-साथ मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य

### मा योजना में राज्य के सभी पात्र 1.36 करोड़ परिवारों को लाख रुपये की कैशलेस निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध

योजना के सभी पात्र परिवारों को भी अन्य राज्यों में 25 लाख रुपये तक के कैशलेस निःशुल्क उपचार का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

अब तक इस प्रावधान के अंतर्गत 5,959 क्लेम प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 17 करोड़ रुपये से अधिक है। इन क्लेम्स के माध्यम से मरीजों ने हार्ट स्टेंट, हार्ट बायपास सर्जरी, कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी, डायलिसिस, जनरल सर्जरी, सिजेरियन प्रसव सहित विभिन्न जटिल उपचारों का लाभ प्राप्त किया है।

लाभार्थियों द्वारा सर्वाधिक उपचार गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली के अस्पतालों में कराया गया है। वर्तमान में इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी के तहत देशभर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबद्ध लगभग 16 हजार से अधिक सरकारी तथा 14 हजार से अधिक निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इनमें गुजरात के 2,067, हरियाणा के 1,366, मध्यप्रदेश के 1,622, महाराष्ट्र के 1,709, पंजाब के 823, उत्तर प्रदेश के 6,182 तथा दिल्ली के 184 अस्पताल शामिल हैं।

**प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ का कहना है कि-**

राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश का प्रत्येक पात्र नागरिक आवश्यकता पड़ने पर राज्य की सीमाओं से बाहर भी बिना किसी आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल है।

## सितंबर तक 20 हजार नए डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के निर्देश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव (माइंस एवं पेट्रोलियम) अपर्णा अरोरा ने राज्य की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को सितंबर अंत तक 20 हजार नए डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस (डीपीएनजी) कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं के साथ औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी प्राथमिकता से पीएनजी सुविधा से जोड़ने और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि पिछले दो महीनों में 21,240 परिवारों तथा 240 औद्योगिक-व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी सुविधा से जोड़ा गया है। वर्तमान में राज्य में 1.75 लाख से अधिक घरेलू और 1,553 औद्योगिक एवं व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

## जीआरपीएफ रैंकिंग मई 2026 में महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रतापगढ़ जिला अव्वल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** समस्त पोर्टल के डेटा के आधार पर तैयार किए गए Grievance Redressal Performance Framework - GRPF की मई 2026 की रैंकिंग में महिला एवं बाल विकास विभाग ने 91.30 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभाग ने प्रशासनिक संवेदनशीलता और जन शिकायत निस्तारण में अन्य सभी विभागों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं जिला प्रतापगढ़ 89.55 अंकों के साथ जिलों की रैंकिंग में शीर्ष पर रहा। प्रतापगढ़ ने शिकायत निस्तारण और कलेक्टर-स्तरीय समीक्षा में उत्कृष्ट दक्षता प्रदर्शित की है। टॉप 5 विभागों में पंचायती राज, श्रम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग भी शामिल हैं। टॉप 5 जिलों में टोंक, दौसा, अलवर और सलूंबर जिले रहे।

## 67वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी की नियमावली जारी फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 8 सितम्बर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर द्वारा इस वर्ष 67वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस कला प्रदर्शनी में राज्य के युवा एवं वरिष्ठ चित्रकारों से कृतियां आमंत्रित की जा रही है । इस वार्षिक कला प्रदर्शनी/प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल द्वारा 10 सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों को पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये के दस पुरस्कार वार्षिक समारोह में प्रदान किये जायेंगे । अकादमी कार्यालय में कृतियां जमा कराने की अन्तिम तिथि 8 सितम्बर, 2026 रखी गयी है। नियमावली कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## 21 जुलाई से 31 अगस्त तक लगेंगे शहरी सेवा शिविर-2026 के फॉलोअप कैंप

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में 21 जुलाई से 31 अगस्त (रविवार छोड़कर) तक शहरी सेवा शिविर-2026 के फॉलोअप कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन शिविरों में पूर्व में लंबित एवं नए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, पट्टे, नामांतरण, ट्रेड लाइसेंस, ऋण स्वीकृति सहित सभी सेवाएं पूर्ववत उपलब्ध रहेंगी तथा दी गई छूट और शिथिलताएं भी जारी रहेंगी। प्रत्येक नगरीय निकाय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर संचालित होंगे। जिला कलक्टर तैयारियों, मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगे तथा लंबित कार्य पूरे होने तक शिविर जारी रखा जाएगा।

### मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य भवन में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग और डिजिटल ट्रैकिंग व्यवस्था होगी और मजबूत

### पिछले 24 घंटे में सभी हाई रिस्क प्रसव सुरक्षित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा गर्भवती महिलाओं के रेफरल प्रबंधन को डिजीटल माध्यम से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी, रेफरल प्रबंधन, डिजिटल ट्रैकिंग तथा प्रसव सुविधा वाले राजकीय अस्पतालों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पिछले 24 घंटे में प्रदेश के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में हुए सभी सिजेरियन प्रसव तथा हाई रिस्क गर्भवतियों की स्थिति की अधिकारियों एवं फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों से सीधे जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि में सभी प्रसव सुरक्षित रहे। इस पर उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को भर्ती सभी प्रसूताओं की सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जयपुर, चूरू, झुंझूनूं जिलों की एएनएम से भी सीधे संवाद किया।




उन्होंने हाई रिस्क गर्भवतियों के नियमित फॉलोअप, संभावित प्रसव तिथि की निगरानी, समय पर चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रेफरल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज द्वारा विकसित 'सेतु डिजिटल इमरजेंसी हेल्थकेयर सॉफ्टवेयर' की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से इसी प्रकार का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं अन्य फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे गर्भवती महिलाओं की रियल टाइम ट्रैकिंग तथा रेफरल प्रबंधन और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएमएससीएल) से अस्पतालों में दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा इन्वेंटरी प्रबंधन की समीक्षा की।

साथ ही माइक्रोबायोलॉजी सेवाओं के लिए मानकीकृत प्रोटोकॉल तैयार कर रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीजर (आरओपी) जारी करने के निर्देश दिए, ताकि सभी संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण एवं एकरूप सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। मुख्य सचिव ने सुरक्षित मातृत्व सेवाओं से जुड़ी सूचनाओं एवं प्रसव संबंधी मामलों की त्वरित मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर समर्पित कंट्रोल रूम स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक प्रसूता की स्थिति पर राज्य स्तर से सतत निगरानी रखी जा सकेगी।



## लोक सेवा निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव हर्ष सावनसुखा ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का किया निरीक्षण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेशवासियों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान के लिए राज्य सरकार राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में निदेशक जन अभियोग निराकरण विभाग हर्ष सावनसुखा ने मंगलवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण कर पोर्टल की कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री सावन सुखा ने प्रकरणों के निस्तारण में आ रही तकनीकी समस्याओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की तथा पोर्टल को अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित राज्य स्तरीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के कारणों की जानकारी ली और तकनीकी बाधाओं को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

## राजस्थान में बारिश के कारण 13 ट्रेन लेट

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के कुछ इलाकों में हो रही बारिश का असर ट्रेनों पर भी पड़ने लगा है। जयपुर जंक्शन होकर चलने वाली कई गाड़ियां तीन से चार घंटे की देरी से चल रही है।वहीं उत्तर पश्चिम रेलवे के सीकर यार्ड में पानी भरने के कारण कई ट्रेनों को आंशिक रद्द किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि बारिश के कारण कई जगहों पर ट्रैकों पर पानी भर गया है, जिसका असर उत्तर पश्चिम रेलवे से गुजरने वाली कई ट्रेनों पर पड़ा है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ट्रेन का स्टेटस चेक करके ही घर से निकले।

## महिला क्रिकेटर्स को शिकायत के बाद मिल रहीं धमकियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघ्न तिवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, खेल मंत्री और राज्य महिला आयोग से न्याय की गुहार लगाई है। खिलाड़ियों का आरोप है कि बार-बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज कराने के बाद से उन पर और उनके परिवार पर लगातार शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है, धमकियां दी जा रही हैं।

वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा -2026

## बोर्ड ने मास्टर प्रश्न पत्र तथा इसकी प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी की

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 28 जून 2026 को आयोजित वनपाल सीधी भर्ती 2026 परीक्षा के मास्टर प्रश्न पत्र तथा इसकी प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी की है। सूची बोर्ड की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर अपलोड की गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव प्रीति माथुर ने बताया कि बोर्ड द्वारा प्रत्येक आपत्ति का शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया है। परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आपत्ति के लिंक पर जाकर अपनी एसएसओ आई.डी. के माध्यम से शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

## जयपुर में लगेगा 150 करोड़ रुपये का अत्याधुनिक पॉलीफिल्म प्लांट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) जयपुर में करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक एवं पूर्णतः स्वचालित 20 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का पॉलीफिल्म मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगा। इस परियोजना के लिए हिन्दुस्तान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरएल) और आरसीडीएफ के बीच जल्द एमओयू होगा। एचआरएल प्लांट की डीपीआर, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण तथा कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

### एसएलबीसी की विशेष साइबर समन्वय बैठक सम्पन्न

### मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने बैठक में साइबर ठगी पर अंकुश के लिए दिए दिशा-निर्देश

## 'जीरो टाइम लैग' के लक्ष्य के साथ काम करें बैंक-मुख्य सचिव

### 190 बैंक शाखाओं पर होगी एआई की पैनी नजर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में साइबर सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ बनाने तथा आमजन के धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मंगलवार को शासन सचिवालय में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की विशेष साइबर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा तथा राजस्थान पुलिस एवं प्रमुख बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु ठोस एवं परिणाम-मूलक रणनीति तय की। मुख्य सचिव ने कहा कि बैंकों को 'जीरो टाइम लैग' का लक्ष्य लेकर



कार्य करना होगा। हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत मिलते ही बैंकों की प्रतिक्रिया तीव्र होनी चाहिए तथा नागरिक की शिकायत और खाता होल्ड की कार्रवाई के बीच समय-अंतराल नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दस में से मात्र एक मामले में ही बैंकों की त्वरित प्रतिक्रिया से राशि रुक पाना गंभीर विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बैंक अधिकारी स्वयं 1930 कॉल सेंटर का दौरा कर नागरिकों की समस्याओं को नजदीक से समझें और पुलिस के साथ हैंड्स-ऑन समन्वय स्थापित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक एवं समयबद्ध प्रयासों से साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा और प्रदेश डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में उभरेगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साइबर सुरक्षा एवं म्यूल अकाउंट्स की रोकथाम हेतु समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### बैंक प्रतिनिधि करेंगे 1930 कॉल सेंटर का दौरा

मुख्य सचिव ने बताया कि निर्देशों की अनुपालना में बुधवार को सभी बैंकों के प्रतिनिधि पुलिस मुख्यालय स्थित 1930 कॉल सेंटर का दौरा करेंगे। इस दौरे के माध्यम से बैंक अधिकारी कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया तथा नागरिकों की व्यावहारिक कठिनाइयों को नजदीक से समझ सकेंगे, जिससे आगे की कार्यवाही और अधिक प्रभावी एवं त्वरित हो सकेगी।

### केवाईसी अपडेट एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष बल

**मुख्य सचिव ने कहा कि साइबर ठग प्रायः केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल, एसएमएस अथवा लिंक भेजकर आमजन को झांसे में लेते हैं। अतः बैंक ग्राहकों तक केवाईसी संबंधी सूचनाएं केवल सत्यापित माध्यमों से ही पहुंचाई जाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक साइबर ठगी के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित हैं। इसलिए बैंक शाखाओं में उनके लिए विशेष सहायता काउंटर स्थापित किए जाएं तथा उन्हें डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरतने के लिए व्यक्तिगत रूप से जागरूक किया जाए।**

## जिला कलेक्टर श्रीडूंगरगढ़ के प्रसिद्ध पूनरासर धाम पहुंचे

# बाबा के दरबार में दी हाजिरी, -पुजारी वर्ग ने किया सम्मान -पीएचसी का निरीक्षण दिए निर्देश

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिला कलेक्टर निशांत जैन मंगलवार को श्रीडूंगरगढ़ के प्रसिद्ध पूनरासर धाम पहुंचे व यहां हनुमानबाबा के दरबार में धोक लगाकर जिले में खुशहाली की प्रार्थना की। पुजारी परिवार के छतरसिंह बोथरा, सुरेंद्र बोथरा, प्रदीप बोथरा, मोतीलाल बोथरा, पवन बोथरा ने बाबा का विशेष पूजन व ज्योत करवाई। वहीं जिलाकलेक्टर का शॉल ओढ़ाकर, बाबा की तस्वीर, रामायण की प्रति व श्रीफल देकर सम्मान किया। जैन यहां से पूनरासर पीएचसी पहुंचे जहां मेडिकल स्टाफ के उपस्थित नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अनुपस्थिति स्टाफ को नोटिस देने की बात भी कही। अस्पताल में मौजूद रोगियों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा व तहसीलदार श्रीवर्द्धन शर्मा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहें। विदित रहें मंगलवार को जिला कलेक्टर का श्रीडूंगरगढ़ आने का कार्यक्रम था, परंतु जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होने के कारण वे पूनरासर से ही पुनः बीकानेर लौट गए।



# ट्रोमा व उपजिला अस्पताल में जीवनरक्षक सुविधाओं की मांग
# युवाओं ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्रीडूंगरगढ़ में पिछले 2023 में विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने ट्रोमा सेंटर निर्माण के लिए आवाज उठाई और अनेक ज्ञापन सरकार दिए गए। तत्कालीन सरकार ने ट्रोमा की घोषणा भी की परंतु अभी तक ट्रोमा निर्माण या सुविधाएं ठंडे बस्ते में ही है।

मंगलवार को जिला कलेक्टर निशांत जैन मंगलवार को श्रीडूंगरगढ़ के प्रसिद्ध पूनरासर धाम पहुंचे यहां नारेबाजी करते हुए ट्रोमा सेंटर में मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। समिति अध्यक्ष जतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि क्षेत्र में हो रहें हादसों की भयावहता देखते हुए यहां ट्रोमा व उपजिला चिकित्सालय में आपातकालीन दुर्घटना एवं गंभीर मरीजों के उपचार हेतु वेंटिलेटर, सोनोग्राफी मशीन तथा आवश्यक जांच मशीनें उपलब्ध करवाई जाए।

युवाओं ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ उपजिला अस्पताल में जीवन रक्षक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होना आज क्षेत्र का दुर्भाग्य साबित हो रहा है। ऐसे में ईलाज नहीं मिलने से कई बार मरीजों के असमय प्राण चले जाते है। अरूण सिखवाल ने बताया कि युवाओं ने उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा को जिलाकलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और उपजिला अस्पताल में संसाधन सुविधा व पर्याप्त स्टाफ की मांग की है। इस मौके पर सुनील, आशीष, मोहन, भरत, रोहित, मनीष, प्रवीण सहित बड़ी संख्या मौजूद रहे।




# देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव का खौफनाक नजारा, पोल से भिड़ी कार,कई लोग बाल-बाल बचे

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में पिछली सोमवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शराब के नशे में धुत बताए जा रहे युवक-युवतियों की तेज रफ्तार कार ने सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। नागणेची मंदिर से घड़सीसर रोड के बीच दौड़ रही कार पहले सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकराई और फिर अनियंत्रित होकर नीम के पेड़ में जा घुसी ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 11 बजे पवनपुरी मेन रोड से घड़सीसर की ओर आ रही कार लहराते हुए चल रही थी। बताया जा रहा है कि कार में सवार युवक-युवतियां नशे में थे। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण कार ने पहले विद्युत पोल को जोरदार टक्कर मारी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया ।राहगीरों का कहना है कि कार चालक की लापरवाही से कई बाइक सवार और पैदल राहगीर चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर स्थित शराब ठेके के कारण देर रात तक शराब की बिक्री होती है जिसके चलते इलाके में देर रात तक नशेड़ी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है और इससे पहले भी इस मार्ग पर कई हादसे हो चुके हैं। घटना के बाद पुलिस कार नंबर के आधार पर वाहन मालिक और उसमें सवार लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है।

## युवा परिस्थितियों के अनुकूल नए विचारों पर काम करें-सुराणा

### टाउन हॉल में युवा संबल मेले में जिला कलक्टर ने रोजगार अवसरों की ली जानकारी, आशार्थियों से किया संवाद, मेले में 283 आशार्थियों का हुआ प्रारम्भिक चयन



**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में युवा संबल मेला 2026 का उद्घाटन किया तथा आशार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर एडीएम अर्पिता सोनी, संयुक्त निदेशक जगदीश निर्वाण, संयुक्त निदेशक श्यामलाल साटोलिया, सहायक निदेशक दिनेश चौधरी, सुरेश सारस्वत आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अलग-अलग क्षेत्रों में युवाओं को संबल मिल रहा है। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि स्किल मिसमैच नहीं हो, अपनी योग्यता के अनुरूप फील्ड चुनें। स्किल मिसमैच के कारण रोजगार क्षेत्र में आए गैप को कम करें। उन्होंने कहा कि कोई काम छोटा नहीं होता। बड़े सपने देखें और आवश्यक कौशल अर्जित कर कमियों को ढूंढकर दुरुस्त करें। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन अनुभवों, उनकी लिखित पुस्तकों से सीखने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने बूट कैंप का जिक्र करते हुए कहा कि चूरू में 20 टीमों ने स्टार्टअप बनाए हैं। उन्होंने जिले में पुस्तक संवाद, कोड चूरू आदि शिक्षा नवाचार के बारे में चर्चा की। जिला कलक्टर ने मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया तथा चयनित आशार्थियों का सम्मान किया।

## मानसून का कहर अमरावती-अरावली समेत कई ट्रेनें लेट

# एक रात की बारिश ने बदली तस्वीर, रेल यातायात ठप होने के कगार

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** मानसून की बारिश ने सीकर जिले को जल-तांडव के साथ-साथ अस्त-व्यस्त कर दिया। सड़कें नदी, मोहल्ले तालाब, और रेलवे ट्रैक पर पानी चढ़ने से रेल यातायात चरमरा गया।

सीकर जंक्शन से गुजरने वाली अमरावती-अरावली एक्सप्रेस, चुरू-जयपुर डेमू समेत लगभग सभी नियमित गाड़ियाँ घंटों विलंब से चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कई ट्रेनों को स्टेशनों पर रोकना पड़ा, जिससे यात्रियों को स्टेशन पर ही घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। खाने-पानी की किल्लत ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।




**सरकारी क्वार्टरों में पानी-गंदगी का संगमः** बीती रात की बारिश पुलिसकर्मियों और कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के लिए आफत बनकर आई। पुलिस लाइन में बने सरकारी क्वार्टरों में न सिर्फ बरसात का पानी भर गया, बल्कि सीवरेज के ओवरफ्लो होने से गंदा पानी भी घरों में घुस गया। लोगों ने प्रशासन से तत्काल नालों की सफाई और पंपिंग की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक कोई राहत नहीं मिली है।

**शहर की बदहाली जहां देखो, वहीं पानीः** शहर के निचले इलाकों में हालात और भी गंभीर हैं। जलभराव के कारण आवागमन ठप हो गया है, और वाहनों की रफ्तार थम गई है। प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में एहतियात बरतने की सलाह दी है, लेकिन अब तक कोई बड़ी राहत या रेस्क्यू टीम नहीं उतारी गई है।

# चचेरे भाई ने पुलिस को दी रिपोर्ट, बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** पिछली 19 जुलाई 2026 को बीकानेर श्रीडूंगरगढ़ हाइवे पर बस व बोलेरो टक्कर में चालक सहित दो बालिकाओं ने अपने प्राण गवां दिए। पीड़ित परिवार में मृतकों की यादें ही शेष रह गई है। परिवार गमजदा है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थनाएं कर रहा है। नापासर थाना क्षेत्र के गांव गुसाईंसर निवासी पूनमंचद पुत्र फुसाराम ब्राह्मण ने पुलिस को बताया कि उसके भाई पुरूषोत्तम पुत्र भंवरलाल ब्राह्मण का परिवार पिछली 19 जुलाई 2026 को तोलियासर भैरूं जी मंदिर में धोक लगाकर गांव की ओर लौट रहें थे। शाम करीब 4 बजे हाइवे पर स्थित यूथ कांग्रेस कार्यालय के पास अपनी साइड में चल रही बोलेरो को बीकानेर की ओर से आ रही करणी महाराजा बस के चालक ने लापरवाही व गफलत में चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो सवार चालक दानाराम, मेघा पुत्री पुरूषोत्तम, शिवांगी पुत्री विकास की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में पुरूषोत्तम की पत्नी अमिता, पुत्र विकास, पुत्री प्रतीक्षा, विकास की पत्नी आईना व पुत्री निधि घायल हो गए। जो पीबीएम में जैर ईलाज है। परिवादी ने साईड में चल रही बोलेरो को लापरवाही से टक्कर मारने के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# चारदीवारी निर्माण कार्य का लोकार्पण किया विधायक गोदारा ने

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के वार्ड संख्या 01 स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान की स्थानीय विधायक निधि से 14.00 लाख रुपये की लागत से निर्मित चारदीवारी निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक पूसाराम गोदारा ने मो. कयूम गौरी (निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि) की अध्यक्षता में विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुस्लिम समाज के नागरिकों ने विधायक पूसाराम गोदारा का फूलमालाओं, शॉल एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि सर्व समाज की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए विधायक निधि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्यों में लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान गिरधारीलाल बांगड़वा, अरविंद चाकलान, गफूर गौरी, शरीफ खत्री, इकबाल मंडेलिया, शफी सिकरिया, मुख्तयार खान, चरण सिंह कोका, फारुख खान, हाजी गुलाब नब्बी गौरी, हकीम खत्री, सलीम बहेलिया, शौकत बहलीम, हनीफ, इलियास शेख, मोहम्मद खोखर, मुस्तकीम खत्री, अयूब बेहलीम सहित मुस्लिम समाज के गणमान्यजन उपस्थित थे।



## अणुव्रत विश्व भारती की ईकाई अणुव्रत समिति के तत्वावधान में

# विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** अणुव्रत विश्व भारती की ईकाई अणुव्रत समिति के तत्वावधान में श्री गांधी बाल निकेतन में हमारा परिवार हमारी ताकत थीम पर विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

अणुव्रत गीत के गायन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में चित्रकला, भाषण, निबंध, कविता पाठ, एकल व समूह गायन जैसी प्रतियोगिताओं में निकेतन सैंकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कलाकृतियों और गीतों के माध्यम से नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। निबंध प्रतियोगिता में काव्या एवं दिव्या पोद्दार, चित्रकला में अवनी प्रजापत, निवेदिता सैनी, कविता में हर्षिता कटारिया, भाषण में सलोनी शर्मा, दृष्टि, एकल गायन में अरिवन्द नौहाल, चैतव्य भारद्वाज तथा सामूहिक गायन में अरविन्द नौहाल, कनिका तंवर, काव्या स्वामी, पलक, प्रियंका पंवार, माधव भाटी, चैतव्य भारद्वाज, तनय माटोलिया, तन्मय शर्मा तथा हेमंत पारीक विजेता रहे। उल्लेखनीय है कि विजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिता आयोजन में रूपा भोजक, कुसुमलता, सुनिता राठौड़, नीतू कटारिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्तिक भाटी, प्रणव कत्थक, देव रिणवा, जयेश, लक्ष्य बोचीवाल, निकुंज माटोलिया ने वाद्ययंत्र वादन में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान काफी संख्या में गणमान्यजन व निकेतन स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंकिता माटोलिया व कोमल सोनी ने मंच सज्जा में भागीदारी निभाई। संचालन महेश कत्थक ने किया।



## एक नजर

### गला घोंटकर युवक की हत्या, चाचा-भतीजे पर केस, मुख्य आरोपी

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद युवक की गला घोंटकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद हुसैन उर्फ बाबू देवड़ा को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के बड़े भाई युनुस अली की रिपोर्ट पर मोहम्मद हुसैन उर्फ बाबू और सोहेल छिम्पा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछली 20 जुलाई की दोपहर फोन आने पर मोहम्मद साबीर बाबू के घर गया था, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बाबू ने तौलिये से साबीर का गला घोंट दिया, जबकि सोहेल छिम्पा ने उसके हाथ पकड़ लिए, जिससे वह बचाव नहीं कर सका। गंभीर हालत में उसे पीबीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मामले की जांच थानाधिकारी सविता डाल कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी को डिटेन कर लिया गया है, जबकि सह-आरोपी की भूमिका की जांच जारी है।

### नशा मुक्त समाज की कल्पना हर नागरिक का पहला कर्तव्य होना चाहिए : अजय बिश्नोई

**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य विधिक प्राधिकरण के तत्वाधान मे विधिक साक्षरता संवेदीकरण . ट्रांसफोमिटिव टयूस्डे कार्यक्रम के तहत एस एल उ0 मा0 विद्यालय में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों व स्टाफ ने न्यायाधीश अजय बिश्नोई की अध्यक्षता में में संकल्प लिया कि वह नशा मुक्त समाज में अपना हर संभव सहयोग सजग प्रहरी के रूप में राष्ट्रहित में प्रदान करते रहेंगे । न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय बिश्नोई ने कहा कि बढती नशाखोरी के घातक परिणाम हमारे सामने है कि नशे का सेवन करने वाले अधिकांश युवा आपातकालीन मौत का शिकार होने की घटनाएं समाज को खोखला कर रही हैं , अजय बिश्नोई ने कहा की उक्त गंभीर समस्या की रोकथाम के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश पर युवाओं को नशे व साइबर ठगी से बचाने के लिए यह् अभियान आज विद्यार्थियों के बीच पहुंचा है , विद्यार्थी देश का उज्जवल भविष्य है , प्रत्येक विद्यर्थी को अपने हृदय में संकल्प भाव रखते हुए सुनिश्चित करना है कि नशे को अपने आसपास किसी भी सूरत में पनपने नहीं देंगे और इस अभियान का हमेशा अहम हिस्सा बन कानून का हर संभव सहयोग करते रहेंगे । बिश्नोई ने कहा कि न्यायालय में एनडीपीएस व नशखोरी से संबंधित अधिक मामले आ रहे हैं और इनमें अधिकतर युवा वर्ग सम्मिलित है । बार संघ अध्यक्ष राममिशन बिश्नोई , रघुवीर बिश्नोई , बलजिंदर सिंह थिन्द , मनहर पटियाल , भारत जोशी , वैभव शर्मा , हिमांशु कटारिया एवं तालुका सचिव बलजीत कुमारी ने विद्यार्थियों से कहा कि आपको तरह-तर प्रलोभन देने के प्रयासो को सफल करना है और इसकी सूचना गुप्त रूप से सजग पहरी के रूप में दे सकते हैं

### नगर निगम की बड़ी कार्रवाई
### बीकानेर में 4 लाइब्रेरी और एक अकादमी सीज


**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** मंगलवार को बीकानेर नगर निगम ने शहर में फायर सेफ्टी नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में व्यास कॉलोनी और पवनपुरी क्षेत्र में संचालित चार लाइब्रेरी और एक अकादमी को फायर एनओसी नहीं होने के कारण सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई फायर सेफ्टी अधिकारियों रेवंत सिंह, जगवीर सिंह और अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में की गई। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित संस्थानों को पहले भी फायर सेफ्टी नियमों की पालना करने और आवश्यक फायर एनओसी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद नियमानुसार सीज की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन संस्थानों ने अभी तक फायर सुरक्षा संबंधी आवश्यक अनुमतियां नहीं ली हैं, उनके खिलाफ भी अभियान जारी रहेगा। निगम ने सभी संस्थान संचालकों से अपील की है कि वे समय रहते फायर सेफ्टी नियमों की पालना करें और आवश्यक फायर एनओसी प्राप्त कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके

### एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा के जन्मदिवस पर 50 यूनिट से अधिक रक्तदान



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** समग्र सेवा मिशन और 'हल्ला बोल' टीम ने एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। शिविर में युवाओं के उत्साह से 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में एसओजी डीआईजी भुवन भूषण यादव, जेडीए डीआईजी आनंद शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मालवीय नगर एसीपी विनोद शर्मा ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। रक्तदाताओं और टीम सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा सिलाई, सेल्फ डिफेंस और आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। सिद्धांत शर्मा ने युवाओं से समाज सेवा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया।

### टीरा पर लॉन्च हुआ दक्षिण कोरियाई स्किनकेयर ब्रांड डॉ. मेलैक्सिन



**मुंबई** रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा ने दक्षिण कोरिया के डर्मो-कॉस्मेटिक स्किनकेयर ब्रांड डॉ. मेलैक्सिन को भारत में एक्सक्लूसिव तौर पर लॉन्च किया है। ब्रांड के विज्ञान-आधारित और 8-स्न्क्रश्नश्न क्लीन फॉर्मूलेशन वाले उत्पाद टीरा के ऑनलाइन व चुनिंदा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। कंपनी ने भारत में अपनी लोकप्रिय पील शॉट रेंज भी पेश की है।

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में बीकानेर में प्रदर्शन , अमित शाह व धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पिछले सोमवार को हुए कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की घटना के विरोध में मंगलवार को बीकानेर में कांग्रेस कार्यकर्ता व शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं बी-ब्लॉक पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने गोगागेट सर्किल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आमजन भी शामिल हुए। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बी-ब्लॉक पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष सुमित कोचर ने बताया कि जंतर-मंतर पर अपने अधिकारों और भविष्य को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठा रहे निहत्थे छात्रों पर पुलिस द्वारा आंसू गैस तरीके से आवाज़ उठा रहे निहत्थे छात्रों पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे गए तथा लाठीचार्ज किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज़ को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि इसी घटना के विरोध में बीकानेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखने का अधिकार है। छात्रों द्वारा किए जा रहे विरोध को बल प्रयोग से दबाना लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की मांगों पर संवाद करना चाहिए, न कि दमनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। सोशल मीडिया विभाग (एसएमडी) के प्रदेश महासचिव जयदीपसिंह जावा ने कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय सरकार सवाल पूछने वाले युवाओं पर लाठियां बरसा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक कराने वाले सत्ता के संरक्षण में सुरक्षित हैं, जबकि अपने अधिकारों की मांग करने वाले छात्रों को सड़कों पर बल प्रयोग का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर हुआ लाठीचार्ज केंद्र सरकार की दमनकारी सोच को दर्शाता है तथा युवाओं की आवाज़ को दबाने का प्रयास किसी भी स्थिति में सफल नहीं होगा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा बल प्रयोग के बजाय संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशील रवैया अपनाने की भी मांग की। प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित विरोध प्रदर्शन में मनोज चौधरी (प्रदेश सचिव, ओबीसी कांग्रेस), सुमित कोचर (ब्लॉक अध्यक्ष), आनंदसिंह सोढ़ा (ब्लॉक अध्यक्ष), जयदीपसिंह जावा (प्रदेश महासचिव, एसएमडी), मुमताज बानो (प्रदेश सचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), पाबूराम नायक, लालचंद गहलोत (सेवादल), नितिन वत्स, भीखाराम मेघवाल, कुशल कुमार बाफना, सुमित जोशी, ज़ाकिर हुसैन, राजेश पुनिया, बलराम नायक, दुर्गादत्त गहलोत, गौतम कोचर, सलीम भाटी, अनुराग जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

## श्रीडूंगरगढ़ में ट्रॉमा सेंटर की मांग हुई तेज, कांग्रेस ने एमडीएम को दिया ज्ञापन

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में हो रहे सड़क हादसे के बाद अब ट्रॉमा सेंटर की मांग तेज होती जा रही है। आज मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया और ट्रॉमा सेंटर को लेकर चल रहे धरने को अपना समर्थन दिया गया। वहीं उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा को अपना ज्ञापन सौंपा गया। सभी नेताओं कार्यकर्ताओं ने ट्रॉमा सेंटर की मांग को लेकर अपनी बात उपखंड अधिकारी के सामने रखी और जल्द से जल्द ट्रॉमा सेंटर निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की उन्होंने कहा कि लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है और इस पर तुरंत संज्ञान लिया जाए।

इस दौरान कांग्रेस नेता हरिराम बाना, भगवाननाथ सिद्ध, कांग्रेस जिला महासचिव सोहनलाल महिया, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष संतोष गोदारा सहित श्रीडूंगरगढ़ सेंटर निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की उन्होंने कहा कि लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है और इस पर तुरंत संज्ञान लिया जाए। इस दौरान कांग्रेस नेता हरिराम बाना, भगवाननाथ सिद्ध, कांग्रेस जिला महासचिव सोहनलाल महिया, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष संतोष गोदारा सहित श्रीडूंगरगढ़ ट्रोमा निर्माण संघर्ष समिति के रामकिशन गावडिया, प्रकाश मेघवाल, मदनलाल एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इससे पूर्व बाना के कार्यालय में आयोजित बैठक में मांगीलाल कुलरिया, तेजपाल सारण, रामनिवास गोदारा, संतोष कुमार, लक्ष्य प्रजापत, गिरधारीलाल, भागीरथ गोदारा, ओमप्रकाश डोगीवाल, बाबूलाल चोटिया, दिनेश कुमार पिलानियां, राजूराम चोटिया, नरेन्द्र धतरवाल, गोपाल तर्ड, शंरकलाल नायक, प्रकाश गोदारा, मोहसीन खान, विकी प्रजापत, रामनिवास गाट, राजेश डेलू, पप्पूराम गोदारा, जैतरूप, राकेश सारण, सुखराम जाखड़, विजयपाल गोदारा, रामलाल नाहर, बीरबलराम सांई, गोल्डन तंवर, डूंगरराम सिंवर, महेन्द्र मोटसरा, बाबूलाल सिंवल, मघाराम मेघवाल, नंदलाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतमाला एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

## ट्रक से भिड़ी बोलेरो, बुजुर्ग की मौत, पोता गंभीर घायल

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिले के लूणकरणसर क्षेत्र में भारतमाला (अमृतसर-जामनगर) एक्सप्रेसवे पर मंगलवार अलसुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सहजरासर गांव के पास आगे चल रहे ट्रक से बोलेरो की टक्कर हो गई, जिसमें 75 वर्षीय मनोहर दास स्वामी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पानपालिया निवासी मनोहर दास पुत्र भींवदास स्वामी अपने पोते पवन पुत्र महावीर दास के साथ बोलेरो से नागौर से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सहजरासर के निकट उनकी बोलेरो आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा भिड़ी। हादसे की सूचना मिलते ही टोल प्लाजा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने मनोहर दास को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पवन का उपचार जारी है।

## मित्रपुरा की तलाई के पास शव मिलने से फैली सनसनी, मृतक के बाएं हाथ पर 'सौरभ' नाम गुदा हुआ मिला



**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** दौसा सदर थाना क्षेत्र के मित्रपुरा स्थित तलाई के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही भांडारेज चौकी प्रभारी बाबूलाल पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया।जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30-35 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके बाएं हाथ पर 'सौरभ' नाम गुदा हुआ मिला है, जिसके आधार पर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।फिलहाल पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के क्षेत्रों से गुमशुदगी की जानकारी जुटाने के साथ ही मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## एनएसयूआई के नवनियुक्त प्रदेश सचिवों का दौसा विधायक ने किया सम्मान, संगठन को मजबूत करने का किया आह्वान




**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नवनियुक्त प्रदेश सचिव अखिलेश कानपुरा एवं शोहिल खान ने मंगलवार को प्रधान पैलेस में दौसा विधायक डी.सी. बैरवा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक बैरवा ने दोनों युवा नेताओं का माला पहनाकर एवं साफा बांधकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर विधायक डी.सी. बैरवा ने कहा कि युवाओं की भागीदारी किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि अखिलेश कानपुरा और शोहिल खान अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा छात्र-युवा हितों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएंगे।एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं की नियुक्ति पर खुशी जताते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक निर्णय बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दोनों युवा नेता लंबे समय से छात्र राजनीति और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं तथा उनकी नियुक्ति से जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।मुलाकात के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्लैकमेल कर तंग-परेशान करने का आरोप, महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुक्ताप्रसाद नगर थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन लेकर डेटा चोरी करने और उसके जरिए ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने एक महिला के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिवादी मनोज शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 दिसंबर 2024 को आरोपी महिला दीपिका निवासी वार्ड नंबर-10, बीनागंज जिला गुना, मध्यप्रदेश, हाल निवासी सुजानदेसर ने उसके भाई प्रमोद शर्मा के दो टच स्क्रीन मोबाइल और उसका एक एंड्रॉयड मोबाइल बहला-फुसलाकर अपने कब्जे में ले लिया। आरोप है कि महिला ने तीनों मोबाइल फोन का डेटा चुराकर परिवादी, उसके भाई और पूरे परिवार को लगातार ब्लैकमेल किया और मानसिक रूप से प्रताडित करती रही। परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसकी जांच थानाधिकारी विश्वजीत सिंह कर रहे हैं।

बॉर्डर क्लीन के नाम पर अमानवीय तोड़फोड़, -सिंचाई पानी की किल्लत

# मंदिरों में चोरी और नीट छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में उपखंड कार्यालय पूगल पर आज होगा विशाल प्रदर्शन

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** आज दिनांक 21 जुलाई 2026 को पूगल के अंदर कल (22 जुलाई 2026) को गोविन्दराम मेघवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री के नेतृत्व में होने वाले विशाल प्रदर्शन और सभा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी महामंत्री राजेंद्र जांगू ने बताया कि सुनिश्चित किया गया कि प्रदर्शन के लिए टेंट, पानी के टैंकर और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं और पिछले एक माह से बॉर्डर क्लीन, वन विभाग के नाम पर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से पूगल के 50 किलोमीटर तक में जो गरीब किसानों और ग्रामीणों के मकान तोड़े जा रहे हैं, उससे पूरे क्षेत्र में भारी भय का वातावरण है। इसी तानाशाही कार्रवाई के विरोध में आज गोविंद राम मेघवाल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में किसान, मजदूर और आमजन अंबेडकर भवन पूगल पर एकत्रित होकर सुबह 11 बजे पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय तक प्रदर्शन करेंगे और एसडीएम कार्यालय के पास टेंट लगाकर सभा की जायेगी। इसके पश्चात उपखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के नाम से ज्ञापन दिया जावेगा।

प्रदर्शन के पश्चात एसडीएम कार्यालय पूगल पर सौंपे जाने वाले ज्ञापन में प्रमुख रुप से खाजूवाला क्षेत्र के किसानों को मूगफली, नरमा, मूंग की फसलें बचाने के लिए पर्याप्त सिंचाई पानी दिया जाए मंदिरों में हो रही चोरियों की जेपीसी अथवा सीबीआई से निष्पक्ष जाँच करवाई जाए। जंतर-मंतर पर नीट छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और परीक्षा की अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जाँच हो तथा हटाई गई दुकानों व मकानों के बदले प्रभावितों को अन्य जगह आबादी भूमि काटकर तुरंत पट्टे दिए जाएं आदि मांगे रखी गई । प्रशासन से निवेदन किया गया है कि वार्ता के दौरान वन विभाग के उच्च अधिकारी, एडीएम प्रशासन और एडिशनल एसपी स्तर के पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहें ताकि जनहित के इन गंभीर मुद्दों पर ठोस चर्चा



और समाधान हो सके। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रूप से नाजू खां खेरूवाला, श्यामू खां गंगाजली, अब्दुल्ला गंगाजली, महमूद खां गंगाजली, हजारी महाराज, मुकेश बजाज सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डॉक्टर्स डे पर भारतीय शिशु रोग अकादमी द्वारा डॉ. दिलशाद समी को 'स्टार पीडियाट्रिशियन अवॉर्ड' से सम्मानित



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जयपुर के विशेषज्ञ ग्रेड-द्वि (बाल एवं शिशु रोग) डॉ. दिलशाद समी को डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित समारोह में इस सप्ताहांत भारतीय शिशु रोग अकादमी (Indian Academy of Pediatrics - IAP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीलम मोहन द्वारा प्रतिष्ठित 'स्टार पीडियाट्रिशियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बाल स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं निरंतर व्यावसायिक उन्नयन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। हाल ही में डॉ. दिलशाद समी ने रॉयल कॉलेज ऑफ पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ (RCPCH), लंदन (यू.के.) की प्रतिष्ठित एमआरसीपीसीएच (MRCPCH) सदस्यता प्राप्त की है। यह सदस्यता विश्व के सबसे प्रतिष्ठित शिशु रोग संस्थानों में से एक द्वारा विभिन्न चरणों की कठिन लिखित एवं क्लिनिकल परीक्षाएँ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद ही प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यूरोपियन बोर्ड ऑफ पीडियाट्रिक्स (EBP) एवं यूरोपियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (EAP) द्वारा आयोजित कोर नॉलेज इन पीडियाट्रिक्स परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर कोर नॉलेज इन पीडियाट्रिक्स सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया है। यह उपलब्धि संस्थान के चिकित्सकों की उत्कृष्ट कार्यशैली, गुणवत्तापूर्ण रोगी सेवा तथा चिकित्सा शिक्षा के प्रति समर्पण का परिचायक है।

### उद्योग विभाग की योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित, उद्यमियों को दी योजनाओं की विस्तृत जानकारी



**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक उद्यमियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भिवाड़ी द्वारा न्यू रीको गेस्ट हाउस, भिवाड़ी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भिवाड़ी क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों, उद्यमियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिकारियों ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, राजस्थान ओडीओपी पॉलिसी, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024, राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के प्रावधानों, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया एवं योजनाओं के तहत उपलब्ध विभिन्न प्रोत्साहनों एवं लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान उपस्थित उद्यमियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने गए तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित जिज्ञासाओं का मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने उद्यमियों से विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर उद्योग एवं रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाओं का सृजन करने का आह्वान किया।

### पिलानी शहीद पार्क मैं विद्या विहार नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान

**पिलानी ( हुक्मनामा समाचार )।** खेड़ला रोड वार्ड नंबर 17 ,18 में निर्मित शहीद पार्क, शक्तिपीठ दादी सती मंदिर के सामने नरेगा टीम के नेतृत्व में आज सफाई अभियान के कार्य में पेड़ पौधों के रखरखाव एवं सुंदर व्यवस्था बनाए रखने हेतु नरेगा टीम ने कार्य किया। विद्या विहार नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से यह पार्क सफाई एवं रंगा ,पुताई ,बिजली रोशनी के अभाव में बाट जोत रहा था। नगर पालिका विद्या विहार की बड़ी उदासीनता का नमूना इस क्षेत्र पर बना शौचालय ,सफाई के अभाव में देनिय स्थिति हो रही है बार-बार कहने सुनने लिखकर देने पर भी कोई पुख्ता कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में इस कार्य के प्रति बड़ा रोस है। वरिष्ठ पत्रकार कैलाशपति रुथला ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर तुरंत प्रभाव से कार्य करने का निवेदन किया गया है बीते एक वर्ष से हाई मास्क नाम मात्र की लाइट होने के नाते इस क्षेत्र में पूर्णतया अंधेरा नजर आता है। बीते दिनों में विद्या विहार नगर पालिका के द्वारा किए गए कार्य के ऊपर चिंतन मनन किया जाए तो कहीं ना कहीं कोई ना कोई बड़ी अनदेखी जानलेवा घटना हो रही है कभी प्रचार के लिए लगाए गए बोर्ड का गिरना, बिजली लाइट खंबे का गिरना ,अप्रिय घटना को निमंत्रण देता है। नगर पालिका से बिट्स गेट तक साइन कालीन अवैधअतिक्रमण, तालाब राम मंदिर से गोयंका द्वारा तक सब्जी बाजार का सडक पर अवैधअतिक्रमण दुकानदारों को कोई कहने सुनने वाला ना होने के कारण सड़क के किनारे रेडिया लगने से यातायात अवरुद्ध हो जाता है। आए दिन कोई ना कोई एक्सीडेंट होता रहता है आखिर इन समस्याओं का निवारण कौन करें।

नरसिंहपुरा कचरा प्लांट के विरोध में महापंचायत आज

### विरोध में दुकानें रहेंगी बंद विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कि विरोध का समर्थन



**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मांझूवास - नरसिंहपुरा बिरानी मे प्रस्तावित कचरा प्लांट को हटाने के विरोध में 22 जुलाई को बुलाई गई महापंचायत विभिन्न संगठनों ने दिया व्यापक समर्थन कहा कि किसी भी सूरत में कचरा प्लांट नहीं लगने देंगे चाहे इसके लिए किसी भी हद को पार करना पड़े पीछे नहीं हटेंगे , कचरा प्लांट को स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अब तक की गई सभी वार्ताएं ग्रामीणों के आक्रोश के आगे विफल रहने से प्रशासन की मुश्किलें लगातार बड़ी हुई है , कल होने वाली महापंचायत पर पेनी नजर रहेगी । महापंचायत को लेकर आंदोलनकारीयो की अलग-अलग टीमे ग्रामीणों से जनसंपर्क क़रअधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रही ताकि गाय बचाओ, कचरा हटाओं अभियान को हर वर्ग का समर्थन मिल पाए , आंदोलन समिति के सदस्य गौतम मॉंझू ने बताया कि नरसिंहपुरा- मॉंझूवास के अलावा तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गांव से सैकड़ो की संख्या में महिलाएं - पुरुष व छोटे-छोटे बच्चे कचरा प्लांट का तीन माह से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध राज्य सरकार के समक्ष जाता रहे हैं